www.tamsasanket.com

वर्ष: 06 || अंक 106 || लखनऊ

गुरूवार

16 जुलाई 2026 || पृष्ठ: 04 || मूल्य: ₹2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र


**मौसम**
सूर्योदय: 05:22
सूर्यास्त: 07:02
अधिकतम: 34°00
न्यूनतम: 28°00




» पेज 07

**विशेष समाचार** आस्था, परम्परा, आध्यात्मिक... » पेज 04 | 5 मंजिला बिल्डिंग में आग, 2 की ... » पेज 06 | जरीन के बाद पैपराजी पर भड़कीं मौनी...




## लखनऊ में सीएम योगी बोले- हमने 9 लाख युवाओं को मेरिट पर नौकरी दी

# 'पहले भर्ती निकलती तो चाचा-भतीजे वसूली पर निकल जाते थे'

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। विश्व युवा कौशल दिवस पर बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी पहुंचे। सीएम ने कहा- पहले प्रदेश में भर्ती निकलती थी, तब चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकल जाती थी। लेकिन आज हमने 9 लाख युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी दी है। लेकिन आज उत्तर प्रदेश सुरक्षित होने के साथ युवाओं को रोजगार और सम्मान देने वाला प्रदेश बन रहा है। विश्व युवा कौशल दिवस-2026 के अवसर पर बुधवार को कौशल विकास संबंधी उपलब्धियों पर आधारित 'कौशलम' पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 युवाओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2026-27 में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।


» (शेष पेज 06 पर)






"मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं था, बल्कि तत्कालीन सरकारों की कार्यशैली और मानसिकता बीमारू हो गई थी। उन्होंने कहा, जिस सरकार के पास युवाओं के लिए रोजगार न हो, जो अपने युवाओं की उपेक्षा करे, कारीगरों को पलायन के लिए मजबूर करे और अन्नदाता किसानों का सम्मान न करे, ऐसी सरकार के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं होना चाहिए।"

### 2017 से पहले शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा की स्थिति खराब थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार की स्थिति बेहद खराब थी। उस समय युवाओं के सामने पहचान और रोजगार का संकट था। बेटियां और व्यापारी भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते थे। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता नहीं थी और भर्ती प्रक्रियाएं विवादों में घिर जाती थीं।

### 'युवा शक्ति ही उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है ।यहां सबसे बड़ी युवा शक्ति मौजूद है।
सरकार इसी युवा शक्ति को कौशल विकास से जोड़कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है। आधुनिक तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।



### '2026-27 में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया'

*व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं को कौशल के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार के पिछले नौ वर्षों में 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 12.50 लाख को रोजगार मिला। वर्ष 2026-27 में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि विभाग का बजट नौ गुना बढ़ाकर 3,310 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वहीं, टाटा समूह के साथ 7,000 करोड़ रुपये का CSR एमओयू किया गया है, जिसके तहत प्रदेश के 225 आईटीआई का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, वह सरकार नहीं, बल्कि व्यवस्था के नाम पर एक कलंक थी। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में यही स्थिति थी।*

# भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट का डेटा लीक

## दावा- हैकर्स ने कंट्रोल रूम का लेआउट, सप्लायर्स की लिस्ट डार्क वेब पर डाली

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई। भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम से जुड़े हजारों दस्तावेज लीक हो गए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, हैकर्स ग्रुप 'वर्ल्ड लीक्स' ने डार्क वेब पर इन दस्तावेजों को अपलोड करने का दावा किया है। इनमें पॉवर प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स की लिस्ट, कंट्रोल रूम और अन्य रिकॉर्ड सार्वजनिक किए गए। सर्वर मई में हैक हुआ था, जून में दस्तावेज लीक का दावा किया गया। इसकी जानकारी अब सामने आई है। तमिलनाडु के कुडनकुलम प्रोजेक्ट पर काम कर रहे अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने माना है कि थर्ड-पार्टी डेटा सेंटर कंपनी योट्टा का सर्वर हैक किया गया। इसकी जानकारी सरकार को दे दी गई है। कंपनी ने यह नहीं बताया कि कौन सा डेटा लीक हुआ। न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL) रिलायंस के साथ मिलकर मामले की समीक्षा कर रहा है। भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम भी इस डेटा लीक की जांच कर रही है।



कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट तमिलनाडु में तिरुनेलवेली जिले के कुडनकुलम गांव के पास है।

### डार्क वेब क्या है, जहां डेटा अपलोड किया गया

- डार्क वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जिसे सामान्य ब्राउजर (जैसे- क्रोम, एज या सफारी) से नहीं खोला जा सकता। इसे एक्सेस करने के लिए टोर ब्राउजर जैसे विशेष ब्राउजर की जरूरत होती है।
- यह इंटरनेट का छिपा हुआ हिस्सा है। यहां वेबसाइटें और यूजर अपनी पहचान छिपाकर काम कर सकते हैं। हैक किए गए डेटा, रैनसमवेयर, अवैध खरीद-बिक्री और साइबर अपराध के काम यहां होते हैं।
- इसलिए जब कोई हैकर डेटा चुराता है, तो वह अक्सर उसे डार्क वेब पर बेचने या सार्वजनिक करने की कोशिश करता है।

### डेटा लीक कैसे हुआ ...

- *रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट की यूनिट-3 और यूनिट-4 प्रोजेक्ट का ठेकेदार है।*
- *कंपनी का कुछ डेटा थर्ड-पार्टी डेटा सेंटर कंपनी योट्टा के सर्वर पर मौजूद था।*
- *योट्टा ने सर्वर पर 29 मई 2026 को संदिग्ध गतिविधि देखी। दावा किया कि साइबर अटैक रोक दिया।*
- *जून के अंत में रिलायंस ने योट्टा को बताया कि वर्ल्ड लीक्स नामक हैकर समूह डेटा चोरी का दावा कर रहा है।*
- *डार्क वेब पर करीब 8.58 लाख फाइलों में से लगभग 19 हजार संवेदनशील दस्तावेज अपलोड करने का दावा किया गया।*
- *लीक दस्तावेजों में कथित तौर पर ब्लूप्रिंट, सप्लायरों की जानकारी, निरीक्षण रिकॉर्ड, बैठकों के दस्तावेज की फाइलें शामिल हैं।*

### न्यूक्लियर पावर प्लांट से कौन से दस्तावेज लीक

- यूनिट-3 और यूनिट-4 के वेंटिलेशन और कूलिंग सिस्टम के ब्लूप्रिंट
- कॉमन कंट्रोल रूम का फ्लोर लेआउट
- सप्लायरों की सूची
- इंस्पेक्शन रिपोर्ट
- उपकरणों की तस्वीरें
- आतंकवादी हमले की स्थिति में 112 मिलियन डॉलर का बीमा दस्तावेज

**फास्ट न्यूज**

### 2004 से पेट्रोल में एथेनॉल मिल रहा : गडकरी

नई दिल्ली। देश में ई-20 पेट्रोल, एथेनॉल, माइलेज और गाड़ियों पर इसके असर को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने से बातचीत में इन सभी सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि एथेनॉल से गाड़ियां खराब होने का कोई प्रमाण नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि वैकल्पिक ईंधन से देश का तेल आयात कम होगा।

### पुरी रथयात्रा आज से, 6 महीने पहले से होटल बुकिंग

पुरी। ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई, गुरुवार से शुरू होगी। यह भव्य उत्सव 24 जुलाई तक चलेगा, जिसमें 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। रथयात्रा को लेकर पुरी के होटल और लॉज पूरी तरह फुल हो चुके हैं। जिला प्रशासन के मुताबिक, इस साल फरवरी से ही बुकिंग शुरू हो गई थी। मंदिर और रथयात्रा मार्ग के आसपास के होटल-लॉज की सबसे ज्यादा मांग है। खासकर जिन होटलों की बालकनी या खिड़की रथयात्रा मार्ग की ओर खुलती है, उनके लिए सबसे ज्यादा मारामारी है।

### यूपी-बिहार में भारी बारिश, राजस्थान-एमपी में मानसून ब्रेक

नई दिल्ली/भोपाल। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में मानसून ऐक्टिव है। इधर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में मानसून पर ब्रेक लग गया है। गुरुवार को होने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान ओडिशा में बारिश का रेड अलर्ट है। बुधवार को बिहार के गयाजी में स्कूल जा रहे तीन बच्चों पर बिजली गिर गई। एक बच्चे की मौत हो गई।

# भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए : ममता

## लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूंगी जब तक उनका अंत न हो जाए

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि, भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए। लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूंगी जब तक उनका अंत न हो जाए। TMC के बीच जारी फूट के बीच ममता ने कहा- जो लोग जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। अगर मैंने 2006 में (पार्टी को) फिर से खड़ा किया था, तो मैं 2026 में भी ऐसा कर सकती हूं। दरअसल तृणमूल कांग्रेस (TMC) के सीनियर लीडर मदन मित्रा ने बुधवार को ममता बनर्जी का साथ छोड़ दिया। वे ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने विधायक पद नहीं छोड़ा है। मित्रा के तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट में शामिल होने का फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब उनके ऊपर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कस रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार को ईडी ने मदन मित्रा की पत्नी और उनके दो बेटों को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला म्युनिसिपल भर्ती घोटाले से जुड़ा हुआ है।




» (शेष पेज 06 पर)


## रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर कार्रवाई की तैयारी, संसद में बिल पेश, 5 देश निशाने पर

# भारत पर 100% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया जा रहा है।





» (शेष पेज 06 पर)


### रूस पर सख्ती वाले बिल को दोनों दलों का समर्थन

सीनेट में पेश रूस-विरोधी टैरिफ बिल को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट, दोनों दलों का समर्थन मिला है। इसे अमेरिकी राजनीति में 'बाइपार्टिसन बिल' कहा जाता है। यानी ऐसा प्रस्ताव जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सहमत हों।

*"भारत ने जून 2026 में रूस से रिकॉर्ड 26.1 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो देश के कुल तेल आयात का 52.4% था। यानी पिछले महीने भारत में आयात होने वाले हर दो बैरल तेल में एक से ज्यादा बैरल रूस से आया। रूस लगातार भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना हुआ है। मई के मुकाबले जून में रूस से तेल आयात में करीब 39% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।*




### भारत ने पिछले महीने आधे से ज्यादा तेल रूस से खरीदा


सीनेट में पेश बिल के तहत 15 यूरोपीय देशों को प्रस्तावित 100% टैरिफ से छूट दी गई है। इन देशों को राहत इसलिए दी गई है, क्योंकि ये रूस से 15% से कम प्राकृतिक गैस खरीदते हैं और धीरे-धीरे उस पर अपनी निर्भरता भी कम कर रहे हैं।

## चिंता : बोर्ड से पूछा सुधार के लिए अब तक क्या किया, केंद्र से मदद मांगी

# सीबीएसई के डिजिटल मार्किंग सिस्टम से छात्र निराश : सुप्रीम कोर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को CBSE के ऑन स्क्रीन मार्किंग (OSM) सिस्टम को लेकर छात्रों की नाराजगी पर चिंता जताई। सुनवाई के दौरान CJI सूर्यकांत ने कहा, "देखिए, छोटे-छोटे बच्चों में कितनी निराशा है।" कोर्ट ने कहा कि सरकार से किसी टकराव की मंशा नहीं है, लेकिन व्यवस्था में कुछ समस्याएं हैं। कोर्ट ने CBSE की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है। साथ ही केंद्र से सहयोग करने की बात कही है। CBSE का OSM यानी ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम ऐसी व्यवस्था है, जिसमें ऑन्सर शीट की स्कैन कॉपी कंप्यूटर पर जांची जाती है। शिक्षक कागज की कॉपी देखने के बजाय डिजिटल स्क्रीन पर मूल्यांकन करते हैं। यह जनहित याचिका राकेश बिंजोला ने वकील लक्ष्मीकांत मटादन शुक्ला के माध्यम से दायर की है। याचिका में केंद्र सरकार और CBSE को निर्देश देने की मांग की गई है कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए OSM मूल्यांकन प्रणाली से जुड़ी स्पष्ट नियमावली बनाई जाए। इस व्यवस्था की निगरानी और सुधार लागू करने के लिए एक हाई पावर कमेटी गठित की जाए। जिन स्टूडेंट्स को पहले ही प्रोविजनल एडमिशन मिल चुका है या जिन्होंने प्रवेश परीक्षाएं पास कर ली हैं, उन्हें मिनिमम क्वॉलिफाइंग मार्क्स में राहत दी जाए। विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए निर्धारित 75 प्रतिशत या अन्य न्यूनतम कक्षा 12 अंक की शर्त से भी छूट देने का निर्देश दिया जाए।



### कोर्ट में सरकार के 3 तर्क...

- केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि जिन स्टूडेंट्स की मार्कशीट में गड़बड़ी थी। उनमें से अधिकांश मामलों का समाधान कर दिया गया है।
- सरकार इस व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि एस राधा चौहान की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग बनाया गया है।
- यह आयोग मूल्यांकन प्रणाली की समीक्षा करेगा और जरूरी सुधारों की सिफारिश करेगा। हम इस मामले को विरोध के तौर पर नहीं देख रहे हैं। समिति पहले से शिकायतों की जांच कर रही है।

# सोनम वांगचुक के अनशन पर दिल्ली हाईकोर्ट में अर्जेंट सुनवाई

## कोर्ट ने केंद्र-दिल्ली सरकार से जवाब मांगा, वांगचुक 18 दिन से भूख हड़ताल पर

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल को बहुत जरूरी माना। केंद्र और दिल्ली सरकार से गुरुवार सुबह तक जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने यह सुनवाई एक जनहित याचिका पर की। इसमें वांगचुक को तुरंत मेडिकल सुविधा और इलाज देने की मांग की गई है। वांगचुक NEET पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले 18 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। उनकी हालत लगातार गिरती जा रही है। 8:50 किग्रा तक वजन गिर गया है। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) नीट पेपर लीक के विरोध में 20 जून से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है।



- उनकी तबीयत बिगड़ने पर आंदोलन कर रहे साथियों ने उन्हें पकड़कर चलवाया।
- सोनम वांगचुक 28 जून से जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे हैं।


» (शेष पेज 06 पर)


"कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर लिखा- सोनम वांगचुक जी से मेरी भावनात्मक अपील है कि वे अपना अनशन समाप्त करें। आपने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और किसी भी अनशन का यही उद्देश्य होता है। देश को आगे की लंबी लड़ाई के लिए आपकी आवाज की जरूरत है। सोमवार से संसद का सत्र शुरू हो रहा है। हमें लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच पर छात्रों के मुद्दे उठाने का अवसर मिलेगा।

# वर्ष 2047 तक विकासशील भारत से विकसित भारत बनाने में बेटियों की होगी महत्वपूर्ण भूमिका-जयवीर सिंह

# 48 मेधावियों को स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्रदान किये

**परचम**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के कला मण्डपम सभागार में आज आयोजित 16वें दीक्षांत समारोह में बेटियों ने सर्वाधिक पदक प्राप्त कर अपना परचम लहराया। कुल पदक में लगभग 60 प्रतिशत मेधावी छात्राओं को पदक हासिल हुआ। एमपीए की छात्रा कुंवारी श्वेता गुप्ता को सर्वाधिक 07 पदक प्राप्त हुए। इस अवसर पर 03 शोधार्थियों को पी0एच0डी0 की उपाधि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर



सिंह ने की। उन्होंने मेधावियों को पदक वितरित किया और पदक विजेताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दीक्षांत समारोह में श्वेता गुप्ता के बाद रूनझुन सिंह एमपीए (कत्थक) में 02 पदक, स्पर्श कुमार कश्यप एमपीए (गायन) में 04 पदक, वल्लरी नारायण पाठक को बीपीए (कत्थक) में 02, तनिष्का सक्सेना बीपीए (कत्थक) में 02, गार्गीराज गंगा बीपीए (कत्थक) में 01, जितेन्द्र कुमार शर्मा बीपीए (कत्थक) में 01, प्रिया बीपीए (भरतनाट्यम) में 01, आलोक कुमार मिश्र बीपीए (तबला) में 04, प्रशांत पाण्डेय व नितीश श्रीवास्तव को गायन में 01-01, प्रिया दूबे बीपीए (गायन) में 04, सुनंदा सिंह व वैशाली आनंद बीपीए (गायन) में 01-01 तथा आकांक्षा राय एमपीए (तबला) में 02 पदक प्रदान किया गया।

**विश्वविद्यालय की कुलपति मांडवी सिंह ने विश्वविद्यालय के पठन-पाठन की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदमश्री पं0 कुंवार बोस ने पदक विजेताओं को अपने संस्कृति से जुड़े रहने तथा हिन्दुस्तानी संगीत को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।**

### सराहनीय उपलब्धि

इसी प्रकार खुशी तिवारी, अमन कुमार यादव, आर्यन रावत, शिया राय एमपीए (कत्थक) में 01-01 पदक, दीप्ति सिंह एमपीए (भरतनाट्यम) में 03, नेहा काजी गिटार में 05, सर्वेश मणि त्रिपाठी एमपीए (गिटार) में 01 तथा करतुम्म तरैया एमडीए में 01 पद प्राप्त हुआ। इस तरह कुल 48 पदक मा0 मंत्री जी ने प्रदान किये। इसमें 30 स्वर्ण, 09 रजत तथा 09 कास्य पदक शामिल थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय अपने शताब्दी वर्ष 1926 से वर्ष 2026 तक संगीत गायन, वादन, नृत्य एवं विभिन्न विधाओं में सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। इसका इतिहास मैरिज कॉलेज ऑफ म्यूजिक से भातखण्डे संगीत महाविद्यालय होते हुए वर्ष 2022 में राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा देकर इसका सम्मान बढ़ाया है।



सर्वाधिक पदक बेटियों के खाते में गया

### भारत का एकमात्र सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहर

पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय सम्पूर्ण भारत का एकमात्र सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहर है। विश्वविद्यालय में भारतीय कला, संस्कृति, शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, नृत्य, नाट्य, मानविकी को संरक्षित तथा सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ी को पहुंचाने का कार्य कर रहा है। दीक्षांत समारोह मेधावी छात्रों के जीवन में विशेषज्ञता के साथ ज्ञान एवं संस्कार का एक चरण है। भविष्य में व्यवहारिक जीवन में चुनौतियों और अवसर दोनों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस विश्वविद्यालय से जो ज्ञान, कौशल और संस्कार प्राप्त किये हैं, वह आपको चुनौतियों से निपटने में दक्ष बनायेगें। समाज और राष्ट्र की सेवा में आपकी शिक्षा आपको वैभवशाली बनायेगी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि आज जिन मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक प्राप्त हुए हैं। वह आगे चलकर भारत को विश्व गुरू बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

# ट्रेनिंग पार्टनर पंजीकरण होगा ऑनलाइन, पेपरलेस और पारदर्शी

## एक क्लिक पर मिलेगी जिलेवार ट्रेनिंग सेंटर की जानकारी

- योगी सरकार में कौशल विकास को लगे डिजिटल पंख, 'कौशल सेतु' और 'कौशल सारथी' पोर्टल का उद्घाटन
- कौशल विकास मिशन ने केएलके प्राइवेट लिमिटेड और विनसम टेक्सटाइल से किया एमओयू
- 'स्किलिंग द फ्यूचर...' कॉफी टेबल बुक का भी हुआ विमोचन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को हुनरमंद बनाने के साथ-साथ कौशल विकास प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बना रही है। इसी क्रम में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विश्व युवा कौशल दिवस-2026 के राज्य स्तरीय समारोह में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डिजिटल पोर्टल 'कौशल सेतु' का बटन दबाकर उद्घाटन किया। कौशल सेतु उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) का डिजिटल पोर्टल है, जो ट्रेनिंग पार्टनर्स के पंजीकरण और एम्पैनलमेंट की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन, पेपरलेस और पारदर्शी बनाता है। इसके माध्यम से संस्थान आवेदन, दस्तावेज़ अपलोड और आवश्यक जानकारियां एक ही प्लेटफॉर्म पर आसानी से जमा कर सकते हैं। इसके बाद कौशल विकास मिशन के दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म 'कौशल सारथी' का बटन दबाकर उद्घाटन किया, जो युवाओं को उनके जिले में उपलब्ध प्रशिक्षण केंद्रों, कोर्सों और ट्रेनिंग पार्टनर्स की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है।

**फास्ट न्यूज़**

### रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति से चमका उत्तर प्रदेश

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था ने लगातार नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रदेश में निर्बाध और बिना कटौती बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रभावी प्रबंधन, मजबूत विद्युत ढांचे और सतत निगरानी के कारण उत्तर प्रदेश बिजली आपूर्ति के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे अग्रणी राज्य रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं।

### 2029 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव साथ कराने की तैयारी तेज

लखनऊ। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2029 में पूरे देश में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। इसके लिए आवश्यक संवैधानिक व कानूनी संशोधन किए जाएंगे। यह किसी राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा व्यापक चुनावी सुधार है, जिससे लोकतंत्र और शासन व्यवस्था दोनों मजबूत होंगे। श्री चौधरी बुधवार को लखनऊ में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

### ड्रोन साइंटिस्ट की फाइव स्टार होटल में लाश मिली

लखनऊ। लखनऊ के फाइव स्टार होटल में 22 साल के ड्रोन साइंटिस्ट राहुल सिंह की मौत के मामले में परिवार ने बुधवार को गंभीर आरोप लगाए हैं। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचा छोटा भाई रोहित सिंह फूट-फूट कर रोया। मंगलवार सुबह 11 बजे होटल के कमरे साइंटिस्ट राहुल सिंह का शव मिला था। दरवाजा न खुलने पर होटल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी।

# महानिदेशक कारागार प्रशासन ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर दिए जरूरी निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उत्तर प्रदेश श्री पी.सी. मीना द्वारा आज दिनांक 15 जुलाई, 2026 को कारागार विभाग के समस्त उपमहानिरीक्षक कारागार, वरिष्ठ अधीक्षकों, अधीक्षकों एवं प्रभारी अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश की कारागारों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में न्यायालयों के समक्ष बंदियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी को और अधिक प्रभावी एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से कारागारों में नवीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) यूनिट स्थापित किए जाने की प्रगति की समीक्षा की गई। महानिदेशक ने निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावित वीसी यूनिट निर्धारित समयसीमा के भीतर स्थापित कर उन्हें शीघ्र क्रियाशील बनाया जाए, जिससे बंदियों की पेशी प्रक्रिया अधिक दक्ष एवं सुरक्षित हो सके। महानिदेशक ने



- कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु सुरक्षा संबंधी मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए

कारागार परिसर में स्थित कर्मचारियों के आवासों की स्थिति की भी समीक्षा की तथा वार्षिक अनुरक्षण एवं उपलब्ध बजट का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण उपयोग करते हुए आवासों एवं परिसर की आधारभूत सुविधाओं में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बंदियों के पुनर्वास एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से संचालित सुधारात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उन्हें और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

# कृषि मंत्री ने विधान भवन समिति कक्ष में किसान समृद्धि आयोग के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

# कृषकों की समृद्धि और खुशहाली योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और उनकी समृद्धि के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को विधान भवन के समिति कक्ष संख्या-8 में कृषक समृद्धि आयोग के सदस्यों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इसके साथ ही उन्होंने मूल्य समर्थन योजना तथा एचसीएल फाउंडेशन द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे हैं कार्यों की भी समीक्षा की।

कृषक समृद्धि आयोग की बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि कृषकों की समृद्धि और



खुशहाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार तक हर स्तर पर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग द्वारा प्राप्त व्यावहारिक सुझावों को धरातल पर उतारने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। विभिन्न जनपदों से आए कृषक समृद्धि आयोग के सदस्यों ने किसानों की समृद्धि से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सुझाव दिए। सदस्यों ने मॉडल कृषि, जैविक खाद, गोबर के उपयोग, उपजाऊ क्षमता बढ़ाने, सिंचाई, पशुपालन, भंडारण,

> बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा कृषक समृद्धि आयोग के सम्मानित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के जमीनी अनुभवों को साझा किया। कृषि मंत्री ने सभी सुझावों का स्वागत करते हुए आश्वस्त किया कि इन सुझावों को कृषि नीतियों में शामिल कर किसानों को सीधे लाभ पहुंचाया जाएगा।

### कार्यों का प्रस्तुतीकरण कृषि मंत्री के समक्ष रखा गया

एक अन्य समीक्षा बैठक में एचसीएल फाउंडेशन द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से किसानों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतीकरण कृषि मंत्री के समक्ष रखा गया। फाउंडेशन ने कृषि क्षेत्र में मॉडल के रूप में अपने कार्यों की सार-संक्षेप प्रस्तुति दी। कृषि मंत्री ने कहा कि फाउंडेशन जो भी अच्छा कार्य कर रही है, उसमें कृषि विभाग से जो भी सहयोग अपेक्षित होगा, वह दिया जाएगा।

प्राकृतिक खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली, फसल विविधीकरण, भंडारण सुविधाओं के विस्तार और खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# 'मेरी पंचायत हरित पंचायत' अभियान ग्रामीण विकास में मील का पत्थर साबित हो रही है: ओम प्रकाश राजभर

# हरित पंचायतों से समृद्ध उत्तर प्रदेश का सपना होगा सरकार: पंचायती राज मंत्री

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण अंचलों को पर्यावरण-अनुकूल और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान 'मेरी पंचायत हरित पंचायत' ने धरातल पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों को हरा-भरा करने और जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 14 जुलाई, 2026 तक कुल 5,667 ग्राम सभा बैठकों का निर्धारण किया गया था, जिनमें से अब तक रिकॉर्ड 3,673 बैठकों का सफ़ल आयोजन संपन्न कराया जा चुका है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को पौधरोपण, जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जा रहा है।

अग्रणी जनपदों में महराजगंज



हरित पंचायतों से समृद्ध उत्तर प्रदेश का सपना होगा सरकार: पंचायती राज मंत्री

> इस अभियान के माध्यम से प्रदेश की पंचायतों को आत्मनिर्भर और ईको-फ्रेंडली बनाने की दिशा में लगातार कार्य जारी है, जिसे आने वाले दिनों में और अधिक गति दी जाएगी।

शीर्ष पर आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बैठकों के निर्धारण और उनके आयोजन में कुछ जिलों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस सूची में महराजगंज जनपद 99.89 प्रतिशत की उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। इसके बाद मिर्जापुर (96.54 प्रतिशत) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं खीरी (80.07 प्रतिशत), कानपुर देहात (78.48 प्रतिशत) तथा सोनभद्र (76.01 प्रतिशत) भी अग्रणी जनपदों में सम्मिलित रहकर इस हरित क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं।

अभियान की सफलता और व्यापक जन-भागीदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए पंचायती राज मंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप 'मेरी पंचायत हरित पंचायत' अभियान प्रदेश के ग्रामीण विकास में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। मुझे बेहद खुशी है कि हमारी ग्राम सभाएं इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप दे रही हैं।

> पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में 'मेरी पंचायत हरित पंचायत' विशेष अभियान का तेजी से संचालन

### बचे हुए लक्ष्यों को भी समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा लगातार की जा रही मॉनिटरिंग और मैदानी स्तर पर अधिकारियों की सक्रियता से हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। 14 जुलाई तक निर्धारित बैठकों में से 3,673 का सकुशल संपन्न होना हमारी प्रशासनिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा मुख्य फोकस न केवल बैठकों के आयोजन पर है, बल्कि उनके माध्यम से धरातल पर हरित विकास योजनाओं को लागू करने पर भी है। बचे हुए लक्ष्यों को भी समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से संबंधित संविधान (संशोधन) विधेयकों पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय विचार-विमर्श बैठक बुधवार को संपन्न हो गई। अंतिम दिन समिति ने प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के कुलपतियों, निदेशकों, विधि एवं राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञों सहित विभिन्न विभागों के प्रमुखों से विस्तृत संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए।

समिति के समक्ष अपने विचार रखने वाले प्रमुख संस्थानों में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ; बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी; भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT), कानपुर; रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी; डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज; बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ; लखनऊ विश्वविद्यालय; भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), लखनऊ तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रतिनिधि शामिल रहे।

बैठक के दौरान शिक्षाविदों ने प्रस्तावित विधेयकों के लगभग सभी प्रमुख प्रावधानों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। चर्चा में केंद्र-राज्य संबंध, मध्यावधि चुनावों की स्थिति, शेष कार्यकाल (Unexpired Term), एक साथ चुनावों की प्रणाली की स्थिरता एवं दीर्घकालिक व्यवहार्यता, निर्वाचन आयोग को प्रस्तावित शक्तियां तथा चुनावी सुधारों से जुड़े विभिन्न संवैधानिक और प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

**सियासत :** सपा बोली- तुगलकी फरमान, जो भाजपा सांसद मछली-भात खाते हैं, उनके लिए कोई आदेश देंगी क्या?

# लखनऊ केजीएमयू के हॉस्टलों में नॉनवेज बैन

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टलों में नॉन-वेज पर बैन को लेकर सियासत शुरू हो गई है। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने बुधवार को कहा- यह आदेश तुगलकी फरमान है। जो भाजपा सांसद बंगाल में मछली-भात खाते हैं, उनके लिए कोई राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कोई आदेश देंगी क्या? केवल यूपी में आने के बाद आपकी विचारधारा बदल जाती है।

लखनऊ ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा- KGMU प्रशासन को फैसला वापस लेना चाहिए। भारत में 61% से अधिक लोग मांसाहारी हैं। मेडिकल के नजरिए से मांसाहारी भोजन मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।

शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब



अब्बास ने कहा-यूनिवर्सिटी का फैसला है। इस पर किसी को टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है। अगर कोई नॉन-वेज खाना चाहता है तो बाहर जाकर खा सकता है। इसे सियासत से नहीं जोड़ना चाहिए। वहीं, भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा- छात्रों को कैसा खाना दिया जाएगा, यह फैसला विश्वविद्यालय खुद करता है। अगर ज्यादातर छात्र किसी खास तरह का भोजन पसंद करते हैं, तो संस्थान उसके अनुसार व्यवस्था कर सकता है। इसे विवाद का विषय नहीं बनाना चाहिए। तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगत गुरु परमहंसचार्य ने कहा, आनंदीबेन पटेल का यह जो फैसला है, इसका हम लोग स्वागत करते हैं। ये फैसला उनका बहुत ही अच्छा है। बच्चें मांसाहार करें, फिर नशा करें, उससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा था। राज्यपाल

सपा बोली- तुगलकी फरमान, जो भाजपा सांसद मछली-भात खाते हैं, उनके लिए कोई आदेश देंगी क्या?

### 'नॉनवेज की जगह प्रोटिन वाले शाकाहारी खाने दिए जाएं'

KGMU के चीफ प्रोवोस्ट प्रो. कमल कुमार सावलानी ने हॉस्टलों की मेस और कैंटीन में नॉनवेज पर बैन को लेकर मंगलवार को आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि मेस और कैंटीन में अब मांसाहारी भोजन न तो पकाया जाएगा और न ही परोसा जाएगा। छात्र-छात्राओं को पर्याप्त प्रोटीन मिले, इसके लिए उनके भोजन में शाकाहारी प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थ शामिल किए जाएं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।

आनंदीबेन ने जो प्रतिबंधित किया है, हम लोग बहुत खुश हैं। हालांकि हमारा उनका निजी कुछ विवाद भी रहा है। क्षेत्रवाद के कारण कई बार गुजरात के लोगों का उन्होंने समर्थन किया है, तो उसको लेकर मैं उनसे आहत भी हूं। लेकिन जो अच्छा काम है उसकी तो प्रशंसा जरूर की जाएगी।

**केजीएमयू में 18 हॉस्टल हैं। अब तक यहां हर हफ्ते तीन दिन मेस में नॉन-वेज बनाया जाता था।**

**केजीएमयू की स्थापना 1905 में किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के रूप में हुई थी। 2002 में इसे विश्वविद्यालय का दर्जा मिला।**

# रेलवे की जमीन पर बनीं चार सौ दुकानों पर चला बुलडोजर

## लखनऊ में तिवारी होटल से मछली मंडी तक अवैध निर्माण ढहाया

- कई नोटिस के बाद हुई कार्रवाई
- भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभियान

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र के मवैया में बुधवार को रेलवे की जमीन पर बने अवैध कब्जों पर बुलडोजर चला। रेलवे सुरक्षा बल (RPF), जीआरपी (GRP) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की।

अभियान के तहत मवैया तिवारी होटल से मछली मंडी तक रेलवे की जमीन पर बनी 400 से अधिक अवैध दुकानें और झोपड़ियां हटाई



जा रही हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस इलाके में लंबे समय से जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था, जिसे हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों के अनुसार, अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय के बावजूद अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर संयुक्त टीम ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए RPF, GRP और स्थानीय पुलिस के जवान बड़ी संख्या में मौके पर तैनात हैं। नगर निगम और रेलवे के अधिकारी भी अभियान की निगरानी की।

# राहुल गांधी के वॉइस सैंपल का मिलान नहीं होगा

## एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले को स्पेशल रिविजनल कोर्ट ने रखा बरकरार

**खारिज**

तमसा संकेत, एजेंसी

सुल्तानपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मानहानि मामले में सुल्तानपुर की अदालत से राहत नहीं मिली है। एडीजे-5 की अदालत ने वॉइस सैंपल का एफएसएल से मिलान कराने की मांग वाली रिवीजन याचिका खारिज कर दी। अदालत ने इससे पहले MP-MLA कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को बरकरार रखा। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि याचिका में राहुल गांधी की वास्तविक आवाज का साक्ष्य के रूप में पेश की गई सीडी में रिकॉर्ड आवाज से विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में मिलान कराने की मांग की गई थी। हालांकि अदालत ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया।



भाजपा नेता विजय मिश्रा की ओर से 21 मई को सेशन कोर्ट में रिवीजन याचिका दाखिल की गई थी। इससे पहले निचली अदालत ने राहुल गांधी का वॉइस सैंपल लेकर उसे रिकॉर्डेड सीडी से मिलाने की मांग खारिज कर दी थी। इसी आदेश के खिलाफ रिवीजन दाखिल किया गया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 30 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

■ 20 फरवरी 2024 को राहुल गांधी कोर्ट में पेश होने सुल्तानपुर पहुंचे थे।

### 2018 के बयान से जुड़ा है मानहानि का मामला



यह मामला वर्ष 2018 का है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर टिप्पणी की थी। इस बयान से आहत होने का दावा करते हुए सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने दीवानी न्यायालय में परिवाद दायर किया था। अदालत ने परिवाद स्वीकार करते हुए मामले में मुकदमा चलाने का आदेश दिया था।



### 2024 में मिली थी जमानत

राहुल गांधी ने इस मामले में 20 फरवरी 2024 को अदालत में पेश होकर जमानत ली थी। 26 जुलाई 2024 को उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। वह आखिरी बार 20 फरवरी 2026 को सुल्तानपुर की अदालत में पेश हुए थे। अब इस मामले में अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

# खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर

## लॉकर तोड़कर लाखों की नकदी, जेवर और बर्तन ले गए

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर। सुल्तानपुर के अखण्डनगर थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने 14-15 जुलाई की रात एक घर को निशाना बनाया, जबकि परिवार छत पर सो रहा था। यह घटना अखण्डनगर थाना क्षेत्र के ग्राम प्राणनाथपुर बढ़ेड़िया में हुई। गांव निवासी पवन कुमार, जो स्वर्गीय काशीनाथ मालवीय के पुत्र हैं, 14-15 जुलाई की रात अपने परिवार के साथ घर की छत पर सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने घर में रखे लॉकर को तोड़ दिया और उसमें रखी भारी नकदी, कीमती जेवरात तथा बर्तन चोरी कर लिए।



पीड़ित परिवार को सुबह 7 बजे जागने पर घटना का पता चला। पवन कुमार ने गांव के शिवांश (पुत्र सुधीर उपाध्याय) और देवेश (पुत्र वशिष्ठ उपाध्याय, निवासी ग्राम नारायणपुर, थाना दोस्तपुर) पर चोरी का संदेह व्यक्त किया है। पीड़ित के अनुसार, इन दोनों युवकों को रात करीब 10 से 11 बजे के बीच उनके घर के आसपास संदिग्ध अवस्था में देखा गया था।

**फास्ट न्यूज**

### छत से गिरकर मूंगफली व्यापारी की मौत

हरदोई। हरदोई जिले के लोनार कोतवाली क्षेत्र के बावन कस्बे में एक मूंगफली व्यापारी की आधी रात को छत से गिरकर मौत हो गई। गंभीर हालत में परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर ने बुधवार तड़के 3:10 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय धनीराम के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के सुरजीपुर के निवासी थे। वह लोनार कोतवाली क्षेत्र के बावन कस्बे के मुजाजपुर मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहते थे।

### ट्रांस गंगा सिटी किसान प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ से की मुलाकात

उन्नाव। उन्नाव में ट्रांस गंगा सिटी परियोजना से प्रभावित किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को कानपुर स्थित यूपीएसआईडीए (UPSIDA) कार्यालय में मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरन आनंद (आईएएस) से मुलाकात की। किसानों ने लंबित मुआवजे, बकाया धनराशि और भूखंड आवंटन की मांग रखी। इस दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने पात्र किसानों की समस्याओं के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष सर्वेश लोधी ने किया।

### शिक्षक के समायोजन का अभिभावकों ने किया विरोध

उन्नाव। उन्नाव में सुमेरपुर विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट में सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित के समायोजन की सूचना पर बुधवार दोपहर अभिभावक विद्यालय परिसर के बाहर एकत्र हो गए। उन्होंने शिक्षक के स्थानांतरण का विरोध करते हुए इसे निरस्त करने की मांग की। अभिभावकों ने चेतावनी दी कि यदि शिक्षक का समायोजन रद्द नहीं किया गया, तो वे अपने बच्चों का प्रवेश इस विद्यालय में नहीं कराएंगे और उन्हें दूसरे विद्यालयों में दाखिला दिलाएंगे।

## नकदी समेत मेंथा ऑयल और खाद्यान्न ले गए चोर, देर रात शटर तोड़कर दुकान में घुसे चोर

# गल्ला व्यापारी की दुकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। रामनगर थाना क्षेत्र के महार मोड़ स्थित एक गल्ले की दुकान में मंगलवार देर रात चोरों ने धावा बोल दिया। शटर का ताला तोड़कर दुकान में घुसे बदमाश करीब 23 हजार रुपये की नकदी, मेंथा ऑयल और खाद्यान्न चोरी कर फरार हो गए। बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में हड़कंप मच गया। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान का शटर टूटा देखा तो इसकी सूचना दुकानदार को दी। के पर पहुंचे टिंकू यादव ने दुकान के अंदर सामान बिखरा देखा तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने तत्काल



डायल-112 पुलिस को सूचना दी। सुबह-सुबह दुकान में चोरी की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों ने सुनसान रात का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से चोरी का खुलासा कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

### *पुलिस ने शुरू की जांच, चोरों की तलाश जारी*

*सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। पीड़ित दुकानदार ने चोरी का जल्द खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और चोरों की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।*



### 23 हजार की नकदी के साथ सरसों, मसूर और मेंथा ऑयल चोरी

जानकारी के अनुसार रानीगंज गांव निवासी टिंकू यादव की गल्ले की दुकान महार मोड़ पर है। मंगलवार रात दुकान बंद कर घर जाने के बाद चोरों ने शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। बदमाश गल्ले में रखे करीब 23 हजार रुपये नकद, पांच बोरी सरसों, आठ बोरी मसूर और करीब 75 किलोग्राम मेंथा ऑयल चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

# ट्रक से टकराकर रोडवेज बस पलटी

## 46 यात्री सवार थे, यात्रियों को आईं मामूली चोटें, ड्राइवर-कंडक्टर फरार

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में बुधवार को कटरा-विल्हौर हाईवे किनारे एक रोडवेज बस पलट गई। बस फर्रुखाबाद से हरदोई जा रही थी। तेज रफ्तार होने से एक खड़े ट्रक से टकराने के बाद हादसा हुआ। बस में 46 यात्री सवार थे। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस जैसे ही कन्हारी गांव के पास एक ढाबे के सामने पहुंची, चालक ने उस पर से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित बस पहले ढाबे के पास खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद बस सड़क किनारे पलट गई।बाहर निकलते बस के यात्री। हादसे के बाद मौके



पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं है। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार और रूपापुर चौकी इंचार्ज अतुल गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, पुलिस ने नहीं लिया एक्शन

## पीड़िता बोली- आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा, सुलह करने का दबाव

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़िता की दादी ने सोहरामऊ थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने और आरोपी को बिना रिपोर्ट दर्ज किए छोड़ देने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, यह घटना 12 जुलाई की सुबह लगभग 4 बजे हुई। अनुसूचित जाति की बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनकी 12 वर्षीय पोती घर के बाहर टीनशेड के नीचे मच्छरदानी लगाकर सो रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का रहने वाला रामकिशुन (एक व्यक्ति का साला) चुपके से मच्छरदानी के अंदर घुस गया। उसने नाबालिग के साथ जबरन छेड़खानी शुरू कर दी और दुष्कर्म



का प्रयास करने लगा। उन्नाव। उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़िता की दादी ने सोहरामऊ थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने और आरोपी को बिना रिपोर्ट दर्ज किए छोड़ देने का आरोप लगाया है। अनुसूचित जाति की बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनकी 12 वर्षीय पोती घर के बाहर टीनशेड के नीचे मच्छरदानी लगाकर सो रही थी।

# कॉलेज में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

## छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के टिप्स दिए गए, सावधानी बरतने की सलाह दी

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। माई भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत बुधवार को सफीपुर स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सफीपुर थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने कहा कि इंटरनेट और डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने छात्रों से सोशल मीडिया और ऑनलाइन लेनदेन के दौरान सावधानी बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि से बचने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा से



जुड़े विभिन्न सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। इस अवसर पर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में माई भारत के मुख्य समन्वयक एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शाश्वत गुप्ता, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नूर अहमद, विद्यालय के शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रियम सिंह, निष्ठा गुप्ता और कुशाग्र गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

**विशेषज्ञों ने छात्रों को सलाह दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और क्यूआर कोड स्कैन करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांच लें। साथ ही साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने और नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत करने की जानकारी भी दी।**

### छात्रों ने पूछे सवाल, विशेषज्ञों ने दिए जवाब

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। इस अवसर पर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में माई भारत के मुख्य समन्वयक एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शाश्वत गुप्ता, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नूर अहमद, विद्यालय के शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रियम सिंह, निष्ठा गुप्ता और कुशाग्र गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।



### *साइबर विशेषज्ञ ने बताए ऑनलाइन ठगी के नए तरीके*

*पुलिस विभाग के साइबर विशेषज्ञ रविन्द्र पाल ने विद्यार्थियों को ओटीपी स्कैम, यूपीआई फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग, डिजिटल अरेस्ट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी किस तरह लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं।*

# बाराबंकी के इंटर कॉलेज में संजीवनी कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बनीकोडर क्षेत्र के चौरी अलादादपुर स्थित एक इंटर कॉलेज में संजीवनी कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष राय और आनंद कुमार सिंह ने पौधे लगाए। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और कहा कि बढ़ते प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील भी की। शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने वृक्षों के धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय महत्व



पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण से ही स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्माण संभव है। विद्यालय परिवार के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में, सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया।

# फर्जी मुकदमे की खबर से महिला की मौत

## बाराबंकी में परिजनों ने अंतिम संस्कार रोका

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी के लोनीकटरा थाना क्षेत्र के खैरा वीरू गांव में मंगलवार को एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि परिवार के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जानकारी मिलने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी और बाद में उनकी मौत हो गई। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। वहीं पुलिस का कहना है कि महिला पहले से हृदय रोग से पीड़ित थीं और उनका उपचार चल रहा था। खैरा वीरू गांव निवासी सियारानी (पत्नी रामनाथ) के परिजनों का आरोप है कि परिवार के आठ लोगों, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है, के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जानकारी मिलने के बाद महिला



की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वे कथित फर्जी मुकदमा समाप्त करने की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार नहीं कर रहे थे। सूचना पर लोनीकटरा थाना प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। परिजनों का दावा है कि पुलिस ने लिखित प्रार्थना-पत्र मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन

# हरदोई में लाखों के जेवर और 50 हजार नगद चोरी

## यूकेलिप्टस के बाग में पड़े मिले दोनों बक्से, सोने-चांदी के जेवर किए पार

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई के अतरौली थाना क्षेत्र स्थित कुरौंध गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। दीवार में सेंध लगाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। बुधवार की सुबह 4 बजे झाड़ू लगाने के लिए उठी महिला को कपड़े फैले मिले। तब उन्हें चोरी होने का अहसास हुआ। पीड़ित सिद्धनाथ ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। सिद्धनाथ और उनके बुजुर्ग पिता मंगू घर के बाहर सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी बिटाना, दोनों बेटे विवेक व विपिन, बहू राधिका और पोती घर के अंदर अलग-अलग



कमरों में थे। गहरी नींद का फायदा उठाकर चोरों ने घर के पिछले हिस्से की दीवार में सेंध लगाई। चोरी की वारदात का खुलासा बुधवार सुबह करीब 4 बजे हुआ, जब सिद्धनाथ की पत्नी बिटाना उठीं और घर में झाड़ू लगाने लगीं। उनकी नजर घर के पीछे बिखरे कपड़ों पर पड़ी। जब वह कमरे के अंदर गईं, तो दीवार में बड़ी सेंध लगी थी और दो भारी बक्से गायब थे। खोजबीन करने पर घर से लगभग 120 मीटर दूर बृज बिहारी के यूकेलिप्टस के बाग में दोनों बक्से पड़े मिले। चोरों ने बक्सों के ताले तोड़कर सारा कीमती सामान निकाल लिया था। पीड़ित परिवार के अनुसार, विवेक की शादी 18 अप्रैल को ही हुई थी। चोर नव विवाहित बहू राधिका के सोने का हार, झाला, मांग बेंदी, दो मंगलसूत्र, हाय, दो छोटे लॉकेट, नथुनी सहित चांदी के कमर बिछुआ, फूल, पायजेब और 10 बिछिया ले गए। सिद्धनाथ की पत्नी बिटाना के भी सोने की झुमकी, टॉप्स, तीन मंगलसूत्र और चांदी की पायजेब, पायल, 10 जोड़ी बिछिया व ब्रेसलेट चोरी हुए हैं। जेवरात के साथ ही बक्सों में रखे 50 हजार रुपये नकद भी चोर उड़ा ले गए।

# सम्पादकीय

## दिल्ली दंगे के दोषी




वर्ष 2020 में दिल्ली में हुए भीषण दंगों के एक बड़े मामले में आम आदमी पार्टी के पार्षद रहे ताहिर हुसैन और चार अन्य को इंटेलिजेंस ब्यूरो के कर्मी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में दोषी ठहराया जाना यह भी बताता है कि इस दंगे में नेता भी शामिल थे। यह पहले ही प्रमाणित हो चुका है कि ताहिर हुसैन जैसे नेताओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। यह एक तथ्य है कि अंकित शर्मा की हत्या में उसका नाम आने पर आम आदमी पार्टी समेत अन्य दलों के नेताओं ने उसका बचाव किया था।

उसका बचाव करने वालों में कई अन्य जाने-माने लोग भी थे। ताहिर हुसैन को दोषी करार दिए जाने से इन सबकी पोल खुल गई है। इन लोगों को बताना चाहिए कि वे किस आधार पर ताहिर हुसैन को निर्दोष होने का प्रमाण पत्र दे रहे थे, क्योंकि उसे दोषी करार देने वाली अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि फैसला ठोस साक्ष्यों के आधार पर दिया गया है। यह एक विडंबना ही है कि कुछ नेता अभी भी ताहिर हुसैन के लिए आंसू बहा रहे हैं।

इसे भी विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी ने उसे चुनाव मैदान में उतारा था। यह भी नहीं भूला जाए कि दिल्ली दंगे उस नागरिकता संशोधन कानून का विरोध करने की आड़ में हुए थे, जिस पर जब अमल किया गया तो विरोध की कोई आवाज नहीं उठी। उन सब नेताओं को शर्मिंदा होना चाहिए, जिन्होंने इस कानून को लेकर देश को गुमराह किया और जिसके चलते दिल्ली में भीषण हिंसा हुई।

दिल्ली दंगों में 50 से अधिक लोग मारे गए थे और यह तब भड़का था, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की यात्रा पर थे। इस नतीजे पर पहुंचने के अच्छे-भले कारण हैं कि दिल्ली में ट्रंप की उपस्थिति में दंगा करने की साजिश इसलिए भी रची गई थी, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को मलिन किया जा सके। उचित यह होगा कि ताहिर हुसैन समेत अंकित शर्मा के अन्य हत्यारों को कठोर दंड का भागीदार बनाने के साथ ही उन लोगों को भी बेनकाब किया जाए, जिन्होंने देश को बदनाम करने के लिए राजधानी को दंगों की आग में झोंका। यह भी आवश्यक है कि इन दंगों से जुड़े अन्य मामलों का यथाशीघ्र निपटारा किया जाए, ताकि दोषियों और उनके हितैषियों को सख्त संदेश दिया जा सके। दिल्ली दंगों से जुड़े अभी कई संगीन मामलों का निपटारा होना शेष है। ऐसे मामलों में शीघ्र न्याय देने की कोई व्यवस्था बननी चाहिए, क्योंकि इससे ही दोषियों को सही सबक मिलता है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि दिल्ली दंगों के एक बड़े मामले में फैसला सुना दिया गया, क्योंकि यह कहना कठिन है कि उच्चतर अदालतों की ओर से अपने हिस्से का कार्य निष्पादन कब किया जाएगा?

## घर का रास्ता

जैसे हम चाहते हैं हमारा घर साफ सुथरा हो तब हम क्यों नहीं चाहेंगे हमारा दिमाग भी स्वच्छ ,साफ-सुथरा हो। क्योंकि अगर उस पर अगड़म-बगड़म बोझ होगा तो उसे काम करने में दिक्कत होगी। उसे व्यवधान रहित हल्का रखना जरूरी है । वह सर्वोत्तम तरीका प्राथमिकताएं तय करनी है । इससे दिमाग पर दबाव नहीं पड़ता हैं । वह तब कायदे से सोचा जा सकता है। कहीं अटकता नहीं, उलझता नहीं हैं । हम साफ रास्ते और जाम रास्ते में चलने का फर्क समझते हैं। बस मस्तिष्क की क्रिया में भी स्पष्ट चिन्तन व उलझे विचारों में भी हूबहू वही तर्क है। वह अटकाव तो भटकाव लाता है, साफ-सुथरापन सरपट दौड़ लगाता है। यही अंतर स्पष्ट चिन्तन और बेतरतीब चिन्तन में है । आचार्य श्री तुलसी केवल एक धार्मिक अग्रदूत नहीं थे , वे युगद्रष्टा और युगस्रष्टा दोनों रूपों में उभरें । उन्होंने समय की नब्ज को पहचाना, समाज के विचार - तंतुओं को समझा और नवयुग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया । नैतिकता और अध्यात्म की दो प्रमुख धाराओं को उन्होंने अपनी तेजस्वी चेतना से आलोकित किया । उनके चिंतन में व्यक्ति और समाज दोनों के लिए परिवर्तन की स्पष्ट दिशा थी । हमारे मन में अगर सदा सकारत्मकता रहती है तो बेचारी परेशानियों को रास्ता ही नहीं मिलता हैं । वह ये नुस्खे हम करके देखे । हमको अगर परेशानियां रह-रह कर परेशान कर रही है तो हम अपनी उम्मीद की टोकरियां खाली कर दें । वह हमारी परेशानियां नाराज होकर आने का नाम ही नहीं लेंगी। वह मन की चंचलता पर लगाम लगा दीजिए। परेशानियां बेचारी आने का रास्ता ही नहीं ढूंढ पाएंगी । वह बात-बात में हठधर्मी करना हम भूल जाए परेशानियां घर का रास्ता ढूंढती ही रह जाएंगी । वह क्षमाशील बने रहिए। परेशानियां हमारी तरफ झांक ही नहीं पाएंगी । वह सबके सब समय हम सहायक बने रहें । हमारे पास परेशानियां आने से कतराएंगी । वह इसी तरह की और प्रवृति से हम जुड़ते जाए और, और परेशानियों को गुमराह करते जाए । व्रज्याचार्य तुलसी एक महान परिव्राजक और विलक्षण प्रवचनकार थे ।

› प्रदीप छाजेड़

# आस्था, परम्परा, आध्यात्मिक चेतना का विराट उत्सव

> रथयात्रा के पीछे अनेक पौराणिक कथाएं भी जुड़ी हैं। कहा जाता है कि एक बार सुभद्रा ने द्वारका नगर देखने की इच्छा व्यक्त की। तब भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने उन्हें अलग रथ पर बैठाकर नगर भ्रमण कराया। उसी स्मृति में तीनों भाई-बहनों की संयुक्त रथयात्रा निकाली जाती है।





आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से प्रारम्भ होकर दस दिनों तक चलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, लोकआस्था, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक दर्शन का विराट उत्सव है। पुरी की यह महायात्रा हजारों वर्षों की परम्परा का जीवंत प्रतीक है, जिसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं। इसी कारण इसे 'महायात्रा' कहा जाता है। भारत के चार धामों में प्रतिष्ठित श्री जगन्नाथ धाम की यह यात्रा देश ही नहीं, सम्पूर्ण विश्व के करोड़ों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनती है। वर्ष 2026 की रथयात्रा भी अपार श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जा रही है, किन्तु इस बार इसके साथ एक नया विवाद भी जुड़ गया है। देश एवं विदेश के अनेक स्थानों पर इस्कॉन द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग तिथियों पर रथयात्राएं आयोजित किए जाने पर कुछ धार्मिक एवं परम्परावादी संगठनों ने आपत्ति व्यक्त की है। उनका मत है कि जगन्नाथ रथयात्रा की तिथि वही होनी चाहिए जो पुरी श्रीमंदिर द्वारा निर्धारित होती है। दूसरी ओर इस्कॉन का तर्क है कि विदेशों में स्थानीय प्रशासन की अनुमति, सार्वजनिक अवकाश, मौसम तथा अन्य व्यावहारिक कारणों से कभी-कभी तिथि में परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। यह विवाद केवल तिथि का नहीं, बल्कि परम्परा और वैश्विक विस्तार के बीच संतुलन खोजने का विषय बन गया है। वास्तव में यह समझना आवश्यक है कि पुरी की रथयात्रा और अन्य स्थानों पर आयोजित रथयात्राओं का स्वरूप अलग-अलग हो सकता है, किन्तु उनका मूल उद्देश्य भगवान जगन्नाथ की भक्ति, लोककल्याण और धर्मप्रचार ही है। यदि परम्परा का सम्मान बना रहे और श्रद्धा अक्षुण्ण रहे तो मतभेद संवाद के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं। धर्म का मूल स्वरूप जोड़ना है, विभाजन करना नहीं। पुरी का श्रीमंदिर भगवान जगन्नाथ का मुख्य धाम है। लगभग 800 वर्ष पुराने इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण जगन्नाथ स्वरूप में अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं। प्रतिवर्ष केवल एक बार तीनों देव विग्रह अपने गर्भगृह से बाहर निकलकर भक्तों को दर्शन देते हैं। यही इस यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता है। सामान्य दिनों में जहां भगवान के दर्शन सीमित होते हैं, वहीं रथयात्रा में प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के भगवान के साक्षात दर्शन कर सकता है।

यात्रा की तैयारियां अक्षय तृतीया से प्रारम्भ हो जाती हैं। उसी दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के तीनों विशाल रथों का निर्माण आरम्भ होता है। प्रत्येक वर्ष नए रथ बनाए जाते हैं। यद्यपि उनका स्वरूप और आकार सदियों से समान रहता है, फिर भी प्रत्येक वर्ष नई लकड़ी, नई सज्जा और नवीन निर्माण किया जाता है। भगवान जगन्नाथ का रथ गरुड़ध्वज (कपिलध्वज), बलभद्र का तालध्वज तथा सुभद्रा का दर्पदलन अथवा पद्मध्वज कहलाता है। इन रथों के निर्माण की प्रक्रिया केवल शिल्पकला नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक साधना मानी जाती है। कारीगर विशेष धार्मिक नियमों का पालन करते हुए इन्हें बनाते हैं। यह परम्परा हमें यह संदेश देती है कि प्रत्येक वर्ष मनुष्य भी अपने भीतर की ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और लोभ को त्यागकर स्वयं का नव-निर्माण करे। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान की अपूर्ण प्रतिमाओं का निर्माण स्वयं विश्वकर्मा ने किया था, जो आज भी जगन्नाथ संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इस महायात्रा का एक अत्यन्त मार्मिक पक्ष यह भी है कि स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान अस्वस्थ माने जाते हैं और लगभग पन्द्रह दिनों तक सार्वजनिक दर्शन नहीं देते। इसके पश्चात वे रथों पर आरूढ़ होकर अपनी मौसी के घर गुण्डिचा मंदिर जाते हैं। वहां नौ दिनों तक विश्राम करते हैं और फिर बहुड़ा यात्रा के माध्यम से पुनः श्रीमंदिर लौटते हैं। लौटते समय भगवान का पोडा पीठा ग्रहण करना, पंचमी को देवी लक्ष्मी का रुष्ट होकर रथ का पहिया तोड़ना तथा बाद में भगवान द्वारा उन्हें मनाने की परम्परा भक्तिभाव एवं मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण है।

पुरी की रथयात्रा का एक अन्य अद्भुत दृश्य छेरा पहरा है। गजपति महाराज स्वयं स्वर्ण निर्मित झाड़ू से रथों के मार्ग की सफाई करते हैं। यह परम्परा संदेश देती है कि ईश्वर के समक्ष राजा और सामान्य व्यक्ति सभी समान हैं। सत्ता का सर्वोच्च पद भी सेवा से बड़ा नहीं हो सकता। रथयात्रा के समय जगन्नाथ मंदिर का महाप्रसाद भी विशेष आकर्षण का केन्द्र होता है। विश्व की सबसे बड़ी मंदिर रसोइयों में से एक इस रसोई में मिट्टी के पात्रों में प्रसाद बनाया जाता है। दाल, चावल, सब्जियाँ, मालपुआ, गजामूंग, लाई, नारियल तथा अनेक प्रकार के व्यंजन अत्यंत अल्प मूल्य पर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराए जाते हैं। यह प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि समानता और साझेदारी का प्रतीक है। धार्मिक ग्रन्थों में रथयात्रा का अत्यन्त महत्व बताया गया है। स्कन्द पुराण, ब्रह्म पुराण, पद्म पुराण तथा उत्कल खण्ड में भगवान जगन्नाथ की महिमा का विस्तार से वर्णन मिलता है। मान्यता है कि रथयात्रा के दर्शन एवं रथ को स्पर्श करने से अनेक जन्मों के पाप नष्ट होते हैं तथा रथ खींचने वाले को मोक्ष का अधिकारी माना गया है। यद्यपि इन मान्यताओं का आध्यात्मिक अर्थ यह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन-रथ को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलाता है, वही वास्तविक मुक्ति प्राप्त करता है। जगन्नाथ रथयात्रा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सामाजिक समरसता है। इस अवसर पर जाति, वर्ग, भाषा, क्षेत्र अथवा सम्प्रदाय का कोई भेद नहीं रहता। लाखों श्रद्धालु एक साथ रथ की रस्सी खींचते हैं। यही वह क्षण होता है जब धर्म केवल पूजा-पद्धति न रहकर सामाजिक एकता का उत्सव बन जाता है। आज यह यात्रा केवल पुरी तक सीमित नहीं रही।

**ललित गर्ग**

## विडंबना यह है कि...

अशोक कुमार झा

### मिलावटी सरसों तेल का बढ़ता कारोबार और देश की खाद्य सुरक्षा पर सबसे बड़ा संकट

# क्या हमारी थाली में परोसा जा रहा है ज़हर?

भारत को सदियों से कृषि प्रधान देश कहा जाता रहा है। यहां अन्न को भगवान का स्वरूप माना जाता है और भोजन को केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और सभ्यता का आधार समझा जाता है। भारतीय परिवारों में जब भी भोजन परोसा जाता है तो उसमें केवल स्वाद नहीं होता, बल्कि मां की ममता, किसान की मेहनत और प्रकृति का आशीर्वाद भी शामिल होता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में अन्न का अपमान करना पाप माना गया है लेकिन आज यह सोचकर मन विचलित हो उठता है कि जिस भोजन को हम भगवान का प्रसाद समझकर ग्रहण करते हैं, उसी भोजन में यदि मिलावट का ज़हर घुल जाए तो फिर आम नागरिक किस पर विश्वास करे? यह प्रश्न केवल खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का नहीं है, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन, स्वास्थ्य, आने वाली पीढ़ियों और पूरे राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न है।

हाल के वर्षों में खाद्य सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न जांचों और सरकारी कार्रवाई में जिस प्रकार खाद्य तेलों, विशेषकर सरसों के तेल, में गुणवत्ता संबंधी खामियां और मिलावट के मामले सामने आए हैं, उन्होंने देश के प्रत्येक परिवार की चिंता बढ़ा दी है। सरसों का तेल उत्तर भारत, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल,



उत्तर प्रदेश, ओडिशा और देश के अनेक हिस्सों में सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला खाद्य तेल है। करोड़ों परिवार सुबह से लेकर रात तक बनने वाले भोजन में इसी तेल का प्रयोग करते हैं। ऐसे में यदि इसी तेल की शुद्धता पर प्रश्नचिह्न लग जाए तो इसका अर्थ है कि देश की सबसे बड़ी आबादी प्रतिदिन अनजाने में अपने भोजन के साथ बीमारी भी ग्रहण कर रही है।

मिलावट कोई नई समस्या नहीं है। वर्षों से दूध, घी, मसाले, मिठाइयां, दालें और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की खबरें आती रही हैं लेकिन जब बात खाने के तेल की आती है तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि तेल ऐसा खाद्य पदार्थ है जिसका उपयोग लगभग हर भोजन में होता है। यदि उसमें किसी भी प्रकार की अशुद्धि या मिलावट हो तो उसका प्रभाव शरीर के लगभग प्रत्येक अंग पर पड़ता है। यही कारण है कि चिकित्सा विशेषज्ञ बार-बार चेतावनी देते रहे हैं कि मिलावटी खाद्य तेल धीरे-धीरे शरीर को अंदर से नुकसान पहुंचाता है। यह ऐसा ज़हर है जो तुरंत दिखाई नहीं देता बल्कि वर्षों तक शरीर में विषैले तत्वों को जमा करता रहता है और जब बीमारी सामने आती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए इसे ₹धीमा ज़हर₹ या ₹साइलेंट किलर₹ कहा जाता है।

सबसे दुखद और चिंताजनक तथ्य यह है कि मिलावट का यह खेल किसी छोटे स्तर पर नहीं बल्कि एक संगठित आर्थिक अपराध का रूप ले चुका है। इसमें अवैध तेल निर्माता, नकली ब्रांड तैयार करने वाले गिरोह, पैकेजिंग करने वाले कारोबारी, थोक व्यापारी, परिवहन नेटवर्क और कई बार भ्रष्ट तंत्र तक की मिलीभगत की आशंका व्यक्त की जाती रही है। कुछ लोग कुछ रुपये अधिक कमाने के लालच में सस्ते और निम्न गुणवत्ता वाले तेलों को सरसों के तेल में मिलाकर बाजार में बेच देते हैं। कई बार कृत्रिम रंग, सुगंध और रसायनों का उपयोग कर उपभोक्ता को यह विश्वास दिलाया जाता है कि वह शुद्ध सरसों का तेल खरीद रहा है जबकि वास्तविकता बिल्कुल अलग होती है। यह केवल आर्थिक धोखाधड़ी नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा सुनियोजित अपराध है।

विडंबना यह है कि इस अपराध का सबसे बड़ा शिकार वही वर्ग बनता है जो पहले से आर्थिक रूप से कमजोर है। गरीब और मध्यम वर्ग का परिवार अपने सीमित बजट में सस्ता सामान खरीदने के लिए विवश होता है। वह हर बार महंगे ब्रांड या प्रयोगशाला में जांचा हुआ उत्पाद नहीं खरीद सकता। परिणामस्वरूप वही परिवार मिलावटी खाद्य पदार्थों का सबसे आसान लक्ष्य बन जाता है। एक मजदूर, किसान, रिक्शा चालक या दिहाड़ी मजदूर दिनभर मेहनत करने के बाद अपने परिवार के लिए जो भोजन लेकर आता है, वह यह सोचकर संतोष करता है कि कम से कम उसका परिवार स्वस्थ भोजन कर रहा है। लेकिन यदि उसी भोजन में मिलावट हो तो यह उसके श्रम, उसके विश्वास और उसके जीवन—तीनों के साथ अन्याय है।

यह भी विचारणीय है कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में खाद्य सुरक्षा के लिए कानूनों और संस्थाओं की कोई कमी नहीं है।

## मुख्यमंत्री आवास योजना से आजमगढ़ में पक्के आशियानों के साकार होते सपने

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन और अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए 'मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस कल्याणकारी पहल के अंतर्गत ग्रामीण उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (म्ँ) तथा गरीबी रेखा के नीचे (ठच्स्) जीवन यापन करने वाले नागरिकों को प्राकृतिक आपदाओं, विशिष्ट सामाजिक श्रेणियों और गंभीर स्वास्थ्य विभीषिकाओं के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए पक्के मकानों की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जनपद आजमगढ़ ने योजना के क्रियान्वयन में एक मिसाल पेश की है, जहां 96.23 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ हजारों परिवारों को कच्ची दीवारों से निकालकर पक्के घरों तक पहुंचाया गया है। यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर सामाजिक गरिमा, सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण की एक नई इबारत है।

जनपद आजमगढ़ को योजना के अंतर्गत कुल 9,908 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष जिला प्रशासन ने तीव्र और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए 9,534 आवास पूर्ण कर लाभार्थियों को हस्तांतरित कर दिए हैं। प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों में आजमगढ़ की यह मजबूत प्रशासनिक कार्यशैली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन द्वारा मासिक समीक्षा बैठकों, निर्माण कार्यों की सतत निगरानी, पारदर्शी लाभार्थी चयन तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी अभिसरण (कन्वर्जेंस) पर विशेष बल दिया गया। इसी रणनीतिक दृष्टिकोण के कारण आजमगढ़ आज पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन पात्र परिवारों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है, जो किन्हीं कारणों से केंद्र सरकार की आवास योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे। शासन द्वारा जारी नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुरूप, योजना के तहत उन वर्गों को प्राथमिकता दी गई जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं। इनमें प्राकृतिक आपदा (बाढ़, अग्निकांड या भूकंप) से प्रभावित परिवार, कुष्ठ रोग, जापानी इंसेफेलाइटिस (श्रम्), एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (।म्ँ) तथा कालाजार जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित परिवार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुसहर समुदाय, वन्टांगिया, कोल, सहरिया जैसी वंचित अनुसूचित जनजातियों, विधवा महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्गों को इसमें विशेष वरीयता दी गई है। सामाजिक न्याय और महिला सशक्तीकरण के सिद्धांतों को सुदृढ़ करते हुए इन आवासों का पंजीकरण मुख्य रूप से परिवार की महिला मुखिया के नाम पर अथवा पति-पत्नी के संयुक्त नाम पर सुनिश्चित किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि हुई है। योजना के तकनीकी एवं वित्तीय प्रावधानों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मैदानी क्षेत्रों में प्रति आवास 1.20 लाख तथा कठिन या पथरीले क्षेत्रों में 1.30 लाख की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी (क्ठज्) के माध्यम से हस्तांतरित की जा रही है।

## जरा हटके

## प्रदेश सरकार का ...

अभिषेक सिंह

### जाम से मिली मुक्ति और विकास को मिली नई रफ्तार

# पुलों और ओवरब्रिजों से बदली ललितपुर की तस्वीर

किसी भी प्रदेश की प्रगति उसकी मजबूत आधारभूत संरचना से पहचानी जाती है। बेहतर सड़कें, आधुनिक पुल और सुगम यातायात व्यवस्था केवल आवागमन को आसान ही नहीं बनाती, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करती हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेशभर में आधुनिक एवं सुरक्षित सड़क अवसंरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में जनपद ललितपुर में पुलों एवं रेलवे ओवरब्रिजों के निर्माण ने वर्षों पुरानी यातायात समस्याओं का समाधान करते हुए विकास की एक नई इबारत लिखी है। आज जिन मार्गों पर कभी घंटों जाम, जलभराव और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था, वहीं अब लोगों को सुरक्षित, तेज और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल रही है।

लंबे समय तक ललितपुर शहर के अनेक प्रमुख मार्ग संकरे पुलों, रेलवे फाटकों और बरसात के दौरान जलभराव जैसी समस्याओं से प्रभावित रहे। आम नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों, मरीजों और दैनिक यात्रियों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार लोगों का महत्वपूर्ण समय जाम में ही बीत जाता था, जिससे आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित होती थीं। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों और एम्बुलेंस को भी समय पर अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती थी। इन चुनौतियों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक पुलों और रेलवे ओवरब्रिजों के निर्माण को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कराया है।

ब्यानमाला पुल बना सुगम यातायात का नया आधार

ललितपुर शहर के प्रमुख मार्ग पर स्थित ब्यानमाला का पुराना पुल लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। पुल इतना संकरा था कि दो बड़े वाहनों का एक साथ निकलना संभव नहीं हो पाता था, जिसके कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी। वर्ष 2022 में इस पुल के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। अब आधुनिक तकनीक से निर्मित नया पुल अधिक चौड़ा, मजबूत और सुरक्षित बन चुका है। दोनों दिशाओं में वाहनों का आवागमन बिना किसी बाधा के हो रहा है तथा वर्षा ऋतु में भी यातायात सामान्य बना रहता है। इससे हजारों लोगों का समय बच रहा है और शहर की यातायात व्यवस्था पहले की अपेक्षा कहीं अधिक सुचारु हो गई है। कैलगुवां चौराहे के निकट रेलवे फाटक लंबे समय तक जाम और दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बना रहा। फाटक बंद होने पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं, जिससे यात्रियों को काफी समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के बाद अब वाहनों का आवागमन पूरी तरह निर्बाध हो गया है। लोगों का बहुमूल्य समय बच रहा है, सड़क सुरक्षा में सुधार हुआ है तथा दुर्घटनाओं की संभावनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। यह परियोजना आधुनिक आधारभूत संरचना के माध्यम से जनसुविधा बढ़ाने का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आई है।

शहर में शहजाद नदी पर स्थित ब्रिटिश कालीन पुल वर्षों से अपनी सीमित क्षमता के कारण लोगों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा था। संकरा होने के साथ-साथ बरसात के दिनों में जलभराव के कारण कई बार आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था। प्रदेश सरकार द्वारा यहां आधुनिक और अधिक क्षमता वाले नए पुल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। इसके पूर्ण होने के बाद नागरिकों को वर्षभर सुरक्षित और निर्बाध यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। बानपुर, टीकमगढ़ और महरौनी क्षेत्र से आने-जाने वाले हजारों लोगों के लिए खिरकापुरा का पुराना पुल वर्षों तक बड़ी चुनौती बना रहा। पुल संकरा और नीचा होने के कारण विशेषकर बरसात में यातायात बाधित हो जाता था और लोगों को कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। नए पुल के निर्माण के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क अधिक सुदृढ़ हुआ है। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिली है, विद्यार्थियों की आवाजाही आसान हुई है और स्थानीय लोगों का समय तथा परिवहन व्यय कम हुए हैं। देवगढ़ मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन हजारों लोगों को रेलवे फाटक खुलने की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। लगभग 30 हजार की आबादी तथा 50 से अधिक गांवों के लोग इस समस्या से प्रभावित थे। दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर ट्रेनों की अधिक आवाजाही के कारण जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती थी। रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के बाद अब लोगों को बिना रुके सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण-शहरी संपर्क को भी नई गति मिली है। ललितपुर में निर्मित पुलों और रेलवे ओवरब्रिजों ने केवल आवागमन को ही आसान नहीं बनाया, बल्कि विकास की नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं। जाम से राहत मिलने के कारण ईंधन की बचत हो रही है, यात्रा का समय कम हुआ है और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। व्यापारिक गतिविधियों को गति मिली है, किसानों को अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा हुई है तथा विद्यार्थियों और मरीजों के लिए भी यात्रा पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और आसान बनी है। मजबूत आधारभूत संरचना का यह विकास स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल सड़क और पुलों का निर्माण ही करना नहीं है, बल्कि ऐसी आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है जो नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाए। इसी सोच के साथ प्रदेशभर में सड़क संपर्क, रेलवे ओवरब्रिज, सेतु निर्माण और अन्य आधारभूत परियोजनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है, जिससे विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# युवक के दोनों हाथ काटे, मां गमछे से बांधती रहीं

## महोबा में पेट्रोल पंप पर वारदात, पिता बोले- भाजपा नेता ने साथियों के साथ हमला किया

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

महोबा। यूपी के महोबा में 28 साल के युवक पर आरोपियों ने जानलेवा हमला कर दिया। घरवालों के मुताबिक, मंगलवार रात 11 बजे वह बाइक में पेट्रोल भराने पंप पर गया था। घात लगाकर बैठे हमलावरों ने उसे घेर लिया। कुल्हाड़ी से उसके दोनों हाथों पर वार किए। हाथ कटकर लटक गए। पैर और सिर पर भी हमला किया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और घरवाले मौके पर पहुंचे। वहां देखा तो युवक खून से लथपथ तड़प रहा था। मां ने बेटे के कटे हाथों और सिर पर गमछा लपेटकर खून रोकने की कोशिश की। घरवाले उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।



जयवेंद्र सिंह पीड़ित युवक

शिवप्रताप सिंह आरोपी भाजपा नेता

### डॉक्टर बोले- युवक के दोनों हाथों में गंभीर चोटें

जिला अस्पताल के इमरजेंसी के डॉ. शिशुपाल ने बताया- युवक की हालत गंभीर है। उसके दोनों हाथों और एक पैर में बेहद गंभीर चोटें हैं। सिर पर भी गहरी चोट लगी है। दोनों हाथ करीब-करीब शरीर से अलग हो चुके थे, जिन्हें सपोर्ट देकर बांधा गया और उसी हालत में हायर सेंटर भेजा गया। ऐसा लग रहा था कि किसी भारी, धारदार हथियार से हमला किया गया है।

घटना कानपुर-सागर हाईवे स्थित चंदेल पेट्रोल पंप पर हुई। युवक के पिता और भाई ने भाजपा युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी शिवप्रताप सिंह परमार और उसके साथियों पर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है। भाई आलोक सिंह ने बताया- साल 2025 में विक्की और शिवप्रताप परमार के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था।

- मां बेटे की हालत देखकर रोने लगी। उसने बेटे के दोनों हाथों और सिर पर गमछा बांधकर खून रोकने की कोशिश की।
- जिला अस्पताल से प्राइमरी इलाज के बाद डॉक्टरों ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

> एएसपी वंदना सिंह ने बताया- जांच में सामने आया है कि वारदात में युवक के पूर्व परिचित शामिल हैं। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घरवालों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### भाई ने कहा- हमलावरों ने भाई के साथ बर्बरता की

भाई आलोक सिंह ने बताया- हमलावरों ने भाई के साथ बर्बरता की। मेरे पास अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि तुम्हारे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया है। इसके बाद मैं आनन-फानन में मौके पर पहुंचा। फिर उसे अस्पताल ले गए।वारदात में भाजपा युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी शिवप्रताप सिंह परमार, उसका साथी रोहित बेड़िया समेत पांच लोग शामिल हैं।

### पिता बोले- आरोपी गुंडे हैं, इन्हें कड़ी सजा मिले

घायल जयवेंद्र सिंह उर्फ विक्की समदनगर मोहल्ले का रहने वाला है। वह ट्रैक्टर चलाने का काम करता है। पिता राजा बाबू सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी शिवप्रताप सिंह परमार उनके मोहल्ले का रहने वाला है। उसका घर मेरे घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर है। उसके पिता जनार्दन सिंह उर्फ भूरा डंपर और ट्रक चलवाते हैं। उन्होंने कहा– बेटा तो सिर्फ बाइक में पेट्रोल डलवाने गया था। किसी बात को लेकर शिवप्रताप और उसके साथियों से कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपियों ने उस पर बेरहमी से हमला कर दिया। ये लोग गुंडे हैं। मेरी मांग है कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।


# पीसी में पीएम और गृहमंत्री को सीनियर कमांडेंट ने किया सेल्यूट

## रेलवे अफसर की पिटाई पर बोले- सोशल मीडिया के दबाव में नहीं होगा एक्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में रेलवे अफसर पिटाई मामले में RPF के सीनियर कमांडेंट राजमोहन पिचाई ने बुधवार 2 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होने से पहले RPF कमांडेंट राजमोहन पिचाई खड़े हुए और पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और अपने डायरेक्टर जनरल को सैल्यूट किया। इसके बाद उन्होंने कहा- सोशल मीडिया पर जो वायरल हो रहा है, उसके हिसाब से एक्शन नहीं होगा।

इमोशनल होकर नहीं बल्कि डॉक्यूमेंट के आधार पर कार्रवाई होगी। आजकल कोई भी पैसे लेकर कुछ भी चला देता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू करने से पहले ही सीनियर कमांडेंट राजमोहन पिचाई ने स्पष्ट कर दिया कि वे तमिलनाडु के रहने वाले हैं और उनकी हिंदी उतनी अच्छी नहीं



है। रेलवे स्टेशन की घटना पर कहा कि मारपीट किसी भी हालत में सही नहीं है, लेकिन जिस समय यह घटना हुई उस समय आरपीएफ के जवान अपनी ड्यूटी पूरी तरह नियमों के अनुसार निभा रहे थे। यह सोचने की बात है कि फिर ऐसा क्या हुआ जिससे वह प्रवोक हो गए।

**फास्ट न्यूज**

### अतिक्रमण हटाने पहुंचे बुलडोजर को पार्षद ने रोका

आगरा। आगरा कैंट क्षेत्र में अटल चौक के पास अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम विरोध का सामना करना पड़ा। क्षेत्रीय पार्षद राकेश कनौजिया ने कार्रवाई का विरोध करते हुए बुलडोजर रोक दिया। वे अतिक्रमण ढहाने पहुंचे बुलडोजर पर चढ़ गए। लगभग एक घंटे तक अभियान बाधित रहा। बाद में अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार से फोन पर हुई बातचीत के बाद अभियान शुरू हुआ।

### सिक्योर्ड मीटर रिचार्ज के लिए लगी लाइन

कानपुर। कानपुर में सिक्योर्ड (प्रीपेड) बिजली मीटर रिचार्ज कराने के लिए उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। शहर के अधिकांश रिचार्ज केंद्र बंद हैं। बुधवार दोपहर 1.15 बजे परेड बिजलीघर के काउंटर पर भारी भीड़ उमड़ी। उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन रिचार्ज की सुविधा नहीं होने और एक ही काउंटर संचालित होने से 3 से 4 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई लोग दूसरे दिन भी छुट्टी लेकर रिचार्ज कराने पहुंच रहे हैं, जबकि दूर-दराज के इलाकों से भी लोगों को परेड आना पड़ रहा है। केस्को का कहना है कि सिक्योर्ड प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड में बदला जाना है।

### बावन ब्लॉक के निरीक्षण में अधूरे मिले रिकॉर्ड

हरदोई। हरदोई मुख्य विकास अधिकारी ने बुधवार शाम 4 बजे बावन विकासखंड का निरीक्षण किया। उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं के तहत गौ संरक्षण, स्वच्छता व्यवस्था और विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अस्थायी गौ आश्रय स्थल, पशु चिकित्सालय, कूड़ा-कचरा अपशिष्ट प्रबंधन (आरआ-रसी) सेंटर और ब्लॉक कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर हादसा, सिपाही समेत 3 की मौत

## 100 की स्पीड में पुलिया से टकराई क्रेटा, परखच्चे उड़े

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। रायबरेली में बुधवार सुबह 8 बजे पुलिस लिखी क्रेटा कार 100 की स्पीड में पुलिया से टकरा गई। हादसे में सिपाही समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 2 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। ड्राइवर और बगल में बैठी सवारी अंदर ही फंस गई। कार टकराने से धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। हादसे की सूचना पुलिस को दी। राहगीरों ने कार में फंसे लोगों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार लखनऊ से रायबरेली की ओर आ रही थी। हादसा जिला मुख्यालय ये 27 किमी दूर लखनऊ-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर बछरावां इलाके में हुआ।



महाराज सिंह, मृतक सिपाही

पुलिस के मुताबिक, हादसे में सिपाही महाराज सिंह (50) की मौत हो गई। वह रायबरेली दीवानी कोर्ट में सुरक्षा में तैनात थे। पुलिस के मुताबिक, मृतक सिपाही महाराज सिंह मूलरूप से जालौन के रहने वाले थे। फिलहाल परिवार के साथ लखनऊ में रहते थे। रायबरेली के दीवानी न्यायालय में सुरक्षा में तैनात थे। रोजाना अपनी क्रेटा कार से ड्यूटी पर जाते थे। सिपाही ने 2 साल पहले लोन लेकर कार (UP 32 JF 5668) खरीदी थी। वह बीते 4 दिनों से छुट्टी पर थे। बुधवार को ड्यूटी जॉइन करने के लिए लखनऊ से रवाना हुए थे।

# पीपीएन कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष ने किया सुसाइड

## सिर में सटाकर गोली मारी, पत्नी लखनऊ में बेटियों के साथ अलग रहती हैं

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में PPN कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ने सुसाइड कर लिया। उन्होंने लाइसेंसी बंदूक से घर के कमरे में सिर में गोली मार ली। बुधवार तड़के 5 बजे परिवार वाले उन्हें जगाने पहुंचे। कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। अंदर खून से लथपथ शव पड़ा मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। शुरुआती जांच में पता चला है कि आलोक सिंह (50) की पत्नी बेटियों के साथ लखनऊ में अलग रहती हैं। इसी वजह से वह तनाव में रहते थे और शराब पीने लगे थे। घटना नौबस्ता के बसंत विहार इलाके की है केशव नाथ ने बताया- आलोक की पत्नी विनीता और दो बेटियां अनुष्का और अंशिका हैं।

> आलोक के भतीजे आर्यन ने बताया- बुधवार सुबह सभी लोग उठकर अपने-अपने काम में लग गए। मैंने देखा कि चाचा के कमरे का दरवाजा बंद है, जबकि वह रोज सुबह 4 बजे उठ जाते थे। मैंने छोटे चाचा से पूछा तो उन्होंने कहा कि शायद सो रहे होंगे, लेकिन सुबह 5 बजे तक भी वह नहीं उठे। मैंने खिड़की से देखा तो कुछ शक हुआ। दरवाजा तोड़ा तो चाचा का शव दिखा।



आलोक सिंह, मृतक



अनुष्का मर्चेंट नेवी में है, जबकि अंशिका लखनऊ में 12वीं की पढ़ाई कर रही। विनीता भी उसके साथ लखनऊ में रहती हैं। दो साल पहले विनीता के पिता ने उन्हें वहीं एक फ्लैट दिलाया था। लेकिन इनका कानपुर भी आना-जाना लगा रहता था। पिता आलोक सिंह की मौत की सूचना पर दोनों बेटियां दोपहर में करीब 3 बजे घर पहुंच गई हैं। वहीं आलोक के पिता केशव नाथ ने बताया- दो दिन पहले बेटे से बातचीत हुई थी। सब कुछ बढ़िया था। पता नहीं क्या बात हो गई। हमारे घर में तो लड़ाई भी नहीं होती थी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया- शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पूछताछ में पता चला है कि आलोक तनाव में थे। पुलिस सभी एंगल पर हत्या की जांच कर रही है।

### पिता के साथ ट्रांसपोर्ट का काम करते थे


बसंत विहार डब्ल्यू-2 के रहने वाले केशव नाथ सिंह के तीन बेटे अजीत, आलोक और अभय और एक बेटी हैं। परिवार दो मंजिला मकान में रहता है। 2021 में कोरोना महामारी के दौरान उनके बड़े बेटे अजीत सिंह की मौत हो गई थी। मझले बेटे आलोक सिंह 1999 में पंडित पृथ्वीनाथ (PPN) कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष चुने गए थे। पिता केशव नाथ (79) ने बताया- मेरा नौबस्ता मौरंग मंडी में ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। बेटे आलोक भी ट्रांसपोर्ट के काम में हाथ बंटाते थे। मंगलवार शाम आलोक काम से घर लौटे। खाना खाने के बाद पहली मंजिल पर बने कमरे का दरवाजा बंद कर एसी चलाकर सो गए। देर शाम तेज धमाके की आवाज सुनाई दी थी, लेकिन मैंने उस पर गौर नहीं किया था।

# 'पतिदेव मेरे लिए रोना मत, मुझे मुक्ति मिल गई'

## कानपुर में बीमारी से परेशान होकर पत्नी ने दी जान, 3 पेज का सुसाइड नोट लिखा

तमसा संकेत, एजेंसी


कानपुर। कानपुर में बुधवार को रीढ़ की हड्डी की गंभीर बीमारी से जूझ रही एक महिला ने जहर खाकर जान दे दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके कमरे से तीन पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में उसने असहनीय दर्द, बेबसी और परिवार पर बोझ नहीं बनना चाहने की बात लिखी है। विवाहिता ने लिखा कि मुझे माफ करना। आज मैं ऐसा कदम उठाने जा रही हूं, जिससे आप सभी को बहुत दुख होगा। मुझे भी इस वक्त बहुत दुख हो रहा है। बहुत कोशिश की मैंने हर पल हंसने की। किसी को परेशानी न हो कभी मेरी वजह से, इसलिए इस दर्द, जकड़न के बाद भी मैं हंसती रही। लेकिन अब दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा है। मैं किसी पर बोझ नहीं बनना चाहती थी। पतिदेव मुझे माफ कर देना। मुझे मुक्ति मिल गई। विवाहिता ने अपने माता-पिता, पति और परिवार के अन्य सदस्यों से माफी मांगी। साथ ही लिखा कि अपना खयाल रखना। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना रावतपुर थाना क्षेत्र के सुरेंद्र नगर इलाके की है। शिवम ने बताया कि वैष्णवी ने लिखित परीक्षा पास भी कर ली थी। कुछ ही दिनों उसे मेडिकल होना था, लेकिन बीमारी के कारण वह बहुत तनाव में चल रही थी। बुधवार सुबह करीब 5 बजे मैं भोपाल से घर पहुंचा, तो वैष्णवी बेसुध पड़ी थी। पास में ही दो पेज का सुसाइड नोट पड़ा था। पड़ोसियों की मदद से मैं उसे फार्चून अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वैष्णवी के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है- मुझे माफ करना, आज मैं ऐसा कदम उठाने जा रही हूं, जिससे आप सभी को बहुत दुख होगा। मुझे भी इस वक्त बहुत दुख हो रहा है। क्योंकि मेरा भी, सपना था सुखमय जीवन जीने का। अपनी उम्र के अंतिम पलों को जीने का। परंतु इस दर्द ने, इस रोग ने मुझसे वो सपना छीन लिया है। अगर मैं आज यह कदम न भी उठांऊ तो भी हम उम्र के आखिरी पड़ाव तक नहीं पहुंच पाएंगे। क्योंकि यह बीमारी ही ऐसी है, कि हम खुशी से नहीं रह पाएंगे। घुट–घुट के ही जिएंगे।



वैष्णवी
मृतक

### भोपाल में रेलवे में कार्यरत है पति

रावतपुर थाना क्षेत्र के सुरेंद्र नगर में रहने वाले शिवम शुक्ला रेलवे ग्रुप-डी के कर्मचारी हैं। वह भोपाल में तैनात हैं। शिवम ने बताया कि तीन साल पहले मेरी कानपुर देहात के असालतगंज की रहने वाली वैष्णवी उर्फ निक्की (26) से शादी हुई थी। वैष्णवी को शादी से पहले ही रीढ़ की हड्डी में गठिया की बीमारी थी, जिसका इलाज चल रहा था। काफी इलाज के बाद भी कोई लाभ नहीं मिल रहा था। परिवार में मां रीता और पत्नी वैष्णवी रहती थी। वैष्णवी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रह थी। हाल में ही उसने दिल्ली पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा दी थी।



मृतका के पास से मिला 3 पेज का सुसाइड नोट

### मेरी आंख में आंसू इसलिए कि आप लोगों का क्या हाल होगा

वैष्णवी ने लिखा- बहुत कोशिश की मैंने, हर पल हंसने की। किसी को परेशानी न हो कभी मेरी वजह से, इसलिए इस दर्द, जकड़न के बाद भी मैं हंसती रही। पर दर्द अब इस कदर बढ़ गया है, कि मुझसे बर्दाश्त नहीं हो पा रहा।

# किरावली में लेखपाल पर पूर्व प्रधान को धमकाने का आरोप

## नाली पर अवैध कब्जे की जांच के दौरान विवाद

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा के किरावली तहसील के अंतर्गत ग्राम ताजपुर नगरिया में सरकारी गूल (नाली) पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर स्थिति स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसडीएम के निर्देश पर फिलहाल मौके पर निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। ग्राम ताजपुर नगरिया में वर्तमान प्रधान अनिल राजपूत द्वारा सरकारी गूल पर आरसीसी (RCC) डालने का कार्य कराया जा रहा था। इस निर्माण को लेकर पूर्व प्रधान चंद्रभान सिंह ने आपत्ति जताई और इसे अवैध बताते हुए विरोध किया। पूर्व प्रधान ने इस संबंध में 22 जून को मुख्यमंत्री संदर्भ पोर्टल पर एक शिकायत (नंबरः 4001462742503) भी दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद मौके पर जांच करने पहुंचीं क्षेत्रीय लेखपाल ज्योति चाहर और पूर्व प्रधान चंद्रभान सिंह




के बीच पैमाइश के दौरान तीखी बहस हो गई। पूर्व प्रधान का आरोप है कि लेखपाल ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय उन्हें डराने का प्रयास किया। वर्तमान प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि विवाद के बाद लेखपाल द्वारा मौके पर आकर जमीन की नाप (पैमाइश) कर ली गई है। क्षेत्रीय लेखपाल ज्योति चाहर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मामले की पूरी निष्पक्षता से जांच की जा रही है और जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी। आगरा जिला प्रशासन और स्थानीय एसडीएम की ओर से रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी के 5 शहरों में बारिश, मथुरा में यमुना उफनाई

## घाटों की सीढ़ियां डूबीं, 36 जिलों में बादल गरजेंगे, हल्की बरसात का अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज/कानपुर। यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। अयोध्या में बुधवार तड़के आंधी के साथ तेज बारिश हुई। राम मंदिर जाने वाले भक्ति पथ पर एक फीट तक पानी भर गया। लखनऊ, संभल, हाथरस, देवरिया, आगरा में भी कहीं तेज तो कहीं धीमी बारिश हुई। लखनऊ में देर शाम तेज बारिश के बाद रातभर रुक-रुककर बारिश हुई। शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। देवरिया में रात से ही रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी है। आज प्रदेश के 33 शहरों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को 36 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।



अयोध्या

पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश से यूपी में नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। मथुरा में यमुना नदी उफान पर है। पानी चेतावनी के निशान से 1.30 मी. नीचे बह रहा है। वृंदावन के केशीघाट की सीढ़ियां डूब गई हैं। बरेली में रामगंगा और बिजनौर में मलान नदी खतरे के निशान के करीब हैं। प्रयागराज में गंगा और यमुना का पानी घाटों पर बनी दुकानों तक पहुंच गया है। कानपुर और वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। पानी आनंदेश्वर मंदिर घाट की सीढ़ियों तक पहुंच गया है। बलिया में सरयू और घाघरा नदी के किनारों पर कटान शुरू हो गया है। बांसडीह में 150 परिवार घर छोड़कर दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं। मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, पाकिस्तान से आ रही सूखी हवाओं के चलते प्रदेश के करीब 80% हिस्से से बारिश वाले बारिश वाले बादल गायब हो गए हैं। इस वजह से आधे से ज्यादा प्रदेश में बारिश नहीं हो रही है। बीते 24 घंटे में 40 शहरों में बारिश हुई। औसतन 10.6 मिमी. बारिश का अनुमान था, लेकिन सिर्फ 2.4 मिमी ही बारिश हुई। 1 जून से 15 जुलाई तक 165.4 मिमी बारिश हुई।

**विवाद : कानपुर में बीजेपी नेता भाई बोले- भाभी-भतीजे ने सिर पर कांच की बोतल मारी, घर से निकाला**

# टीचर पत्नी से परेशान पति ने जहर खाकर जान दी

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर के कल्याणपुर में टीचर पत्नी से विवाद के बाद को नेत्र परीक्षण अधिकारी ने मंगलवार शाम को जहर खा लिया। देर रात करीब 2.30 इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पत्नी, बेटे और सास पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। भाई और बीजेपी ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनुभव कटियार का कहना है कि लंबे समय से पारिवारिक तनाव और आर्थिक नियंत्रण के कारण परेशान थे। उनका आरोप है कि कई शिकायतों के बावजूद पुलिस ने समय रहते



कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं, टीचर पत्नी ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए पति पर दहेज में 10 लाख रुपए मांगने, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर दर्ज मामलों की जांच की जा रही है।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उनकी भाभी लंबे समय से असीम को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थीं। उनका कहना है कि मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद असीम पूरी तरह मानसिक रूप से टूट गए थे, जिसके बाद उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

### पत्नी, बेटे और सास पर प्रताड़ना के लगाए आरोप

अनुभव कटियार का आरोप है कि मकान बनने के बाद श्वेता ने अपनी मां करुणा को भी घर में साथ रखना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि असीम की पूरी सैलरी पत्नी अपने पास रखती थीं और उन्हें खर्च के लिए केवल 10 हजार रुपये दिए जाते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि मई 2026 में पत्नी, 14 वर्षीय बेटे और सास ने मिलकर कांच की बोतल से असीम के सिर पर हमला किया था। घटना की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और विरोध किया। इसके बाद करीब एक महीने पहले असीम को घर से निकाल दिया गया, जिसके चलते वह इधर-उधर रहकर जीवन बिता रहे थे।

### नौकरी लगने के बाद बढ़ा विवाद, 10 लाख रुपए मांगने का आरोप

वहीं मृतक की टीचर पत्नी ने बताया कि वर्ष 2015 में शिक्षिका बनने के बाद पति उनकी पूरी तनख्वाह अपने कब्जे में लेने लगा। उसने अपनी कमाई और बैंक से ऋण लेकर महाबलीपुरम में मकान बनवाया, लेकिन इसके बाद भी प्रताड़ना जारी रही। आरोप है कि वर्ष 2025 से पति लगातार 10 लाख रुपये की मांग कर रहा था। रुपये न देने पर मारपीट करने और नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया जाता था। महिला का आरोप है कि 26 जून 2026 को भी पति ने 10 लाख रुपये की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## 50 परिवारों का सीढ़ियां लगाकर रेस्क्यू किया, स्कूटी चार्जिंग के दौरान धमाके से आग लगी

# 5 मंजिला बिल्डिंग में आग, 2 की मौत

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा। नोएडा में बुधवार दोपहर 5 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा और एक युवती गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज हो रही थी, इसी दौरान उसमें धमाका हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। आग में कई बाइकें जल गईं। फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। बिल्डिंग में रहने वाले करीब 50 परिवारों का रेस्क्यू किया जा रहा है। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें दिख रहा है कि दो इमारतों की छतों के बीच सीढ़ियां लगाई गई हैं। इन्हीं के सहारे लोग दूसरी बिल्डिंग में जा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस ने बिल्डिंग मालिक को हिरासत में ले लिया है। आग सेक्टर-66 के ममूरा इलाके में लगी है। यह भीड़भाड़ वाला इलाका है। यहां नौकरी कर रहे लोग परिवार के साथ रहते हैं। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग घरों से निकलकर सड़क पर आ गए, जिससे जाम लग गया। इसके चलते फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। 5 मंजिला बिल्डिंग में लगभग 50 परिवार रहते थे। सभी को रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाला गया है। धुएं कह वजह से एक महिला और एक पुरुष की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टर्स ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। लापरवाही के आरोप में बिल्डिंग के लीजहोल्डर और ऑपरेटर के खिलाफ कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उनसे हिरासत में ले लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई चल रही है। इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लगने के बाद वहां खड़ी दूसरी बाइक भी उसकी चपेट में आ गईं। मौके पर मौजूद एक युवक पाइप से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करता नजर आया। जॉइंट कमिश्नर राजीव नारायण मिश्रा ने बताया- सेक्टर-66 के ममूरा गांव स्थित एक बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली थी।



### डीसीपी बोले- 50 परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला गया

DCP सेंट्रल नोएडा ने बताया- ममूरा गली नंबर-2 के जी-4 के ग्राउंड फ्लोर में आग लगी। यहां इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज किया जा रहा था। इस दौरान स्पार्क की वजह से आसपास खड़े पेट्रोल वाहनों में आग लग गई। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट के 7 फायर टेंडर, हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। आग पर काबू पा लिया गया है।

### गलियां सकरीं, इसलिए फायर बिग्रेड की गाड़ियां बिल्डिंग तक नहीं पहुंच पाईं

जिस इलाके में आग लगी है। वहां की गलियां संकरी हैं। इसके चलते फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में गाडियों को सड़क पर ही खड़ा करना पड़ा। इसके बाद वहां से पाइप जोड़कर आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

### सीएम योगी बोले- अफसर मौके पर पहुंचे, घायलों का बेहतर इलाज हो

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही राहत और बचाव कार्य तेज करने और घायलों का बेहतर इलाज कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को सतर्क रहने और राहत कार्यों पर लगातार नजर रखने के भी निर्देश दिए।



- बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग के दौरान आग लगी। कई गाड़ियां जलकर राख हो गई हैं।
- एक मकान से दूसरे मकान तक सीढ़ी लगाकर लोगों का रेस्क्यू किया गया।

## खडेरा गांव में जलभराव की समस्या का प्रशासन ने कराया समाधान

तमसा संकेत, संवाददाता

बलदेव (मथुरा)। विकास खंड बलदेव की ग्राम पंचायत खडेरा में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने विशेष अभियान चलाकर त्वरित कार्रवाई की। खंड विकास अधिकारी के निर्देशन में विकास खंड की टीम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई।

अभियान के दौरान एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव, लेखपाल तथा पुलिस बल की मौजूदगी में संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से जलभराव वाले क्षेत्र से पानी की निकासी कराई गई, जिससे लंबे समय से परेशान ग्रामीणों को राहत मिली।

खंड विकास अधिकारी नेहा रावत ने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। इसके लिए नियमित निगरानी, नालियों की साफ-सफाई तथा समय रहते आवश्यक निवारक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।



प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामवासियों ने राहत की सांस ली और जलभराव की समस्या के निस्तारण पर संतोष व्यक्त किया।

**फास्ट न्यूज**

### फर्जी आईएएस का पति बोला-रात में मेरा गला दबाया

बरेली। 'मुझे बताया गया कि लड़की IAS अफसर है। कोर्ट में एक मामला चल रहा है, फैसला आते ही जॉइनिंग हो जाएगी। फिर मेरी भी सरकारी नौकरी लगवा देगी। घरवालों ने सोचा कि परिवार की किस्मत बदल जाएगी, लेकिन शादी के कुछ ही दिनों बाद पता चला कि सब कुछ झूठ था।' बातचीत में उन्होंने दावा किया कि लड़की के IAS अफसर होने का झांसा देकर उनकी शादी कराई गई।

### हत्या षड्यंत्र की आरोपी पूजा सकुन पांडेय को जमानत

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अलीगढ़ के रोरावर थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में आरोपी पूजा शकुन पांडेय उर्फ अन्नपूर्णा भारती को सशर्त जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने यह आदेश दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 26 सितंबर 2025 को दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवकों ने शिकायतकर्ता के पिता की बस में यात्रा के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस साजिश में याची और उसके पति पर भी शक जताया गया था। बाद में सीसीटीवी फुटेज में हत्यारों की पहचान सह-अभियुक्त फैजल और आसिफ के रूप में हुई।

### करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

मुरादाबाद। मुरादाबाद में बिलारी कोतवाली क्षेत्र के गांव खंडोआ में करंट लगने से विवाहिता की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सही कारण स्पष्ट नहीं हो सका। लिहाजा बिसरा सुरक्षित कर लिया गया। खंडौवा गांव निवासी नाजमीन पुत्री इकलाख का विवाह वर्ष 2020 में थाना पाकवाड़ा के महलकपुर रोड निवासी आसिफ पुत्र इस्लाम के साथ हुआ था।

# गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के एलएलबी रिजल्ट पर बवाल

## 316 छात्रों ने देखीं कॉपियां, 195 ने मांगी दोबारा जांच

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। रु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के रिजल्ट को लेकर चल रहा विवाद अभी थमा नहीं है। तीन दिन तक चली उत्तर पुस्तिकाओं की जांच (स्क्रूटनी) के दौरान 316 छात्रों ने अपनी कॉपियां देखीं। इनमें से 195 छात्रों ने कहा कि उनकी कॉपियों का सही मूल्यांकन नहीं हुआ है और दोबारा जांच (री-इवैल्यूएशन) की मांग कर दी। इससे पहले एलएलबी के खराब रिजल्ट को लेकर छात्रों ने प्रदर्शन भी किया था। कई कॉलेजों का रिजल्ट बेहद कम रहा, जबकि छह कॉलेजों का रिजल्ट शून्य आने के बाद मामला राजभवन तक पहुंच गया था। अब विश्वविद्यालय ने जल्द पुनर्मूल्यांकन शुरू कराने का भरोसा दिया है। एलएलबी प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट जारी होने के बाद छात्रों में नाराजगी फैल गई थी। विश्वविद्यालय से जुड़े 37 कॉलेजों का रिजल्ट करीब ढाई प्रतिशत रहा था, जबकि छह कॉलेजों का परिणाम शून्य आया था। इसके विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया। बाद में स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भी शिकायत की थी। राजभवन के निर्देश पर 11 जुलाई से उत्तर पुस्तिकाओं का निरीक्षण शुरू कराया गया। मंगलवार को निरीक्षण के आखिरी दिन राजकीय महाविद्यालय मथाना में छह कॉलेजों के छात्रों की कॉपियां दिखाई गईं।




### 622 ने कराया था रजिस्ट्रेशन, 316 ही पहुंचे

विश्वविद्यालय के मुताबिक, 22 कॉलेजों के 622 छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाएं देखने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। हालांकि, इनमें से सिर्फ 316 छात्र ही कॉपी देखने पहुंचे। कॉपियां देखने के बाद 195 छात्रों ने मूल्यांकन पर आपत्ति जताई और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर दिया। वहीं, 115 छात्रों ने कहा कि उनकी कॉपी का मूल्यांकन सही हुआ है।

# 25 साल की ननद ने भाभी को मार डाला


## मेरठ में बोली- सीढ़ियों से गिरीं, रातभर नींद नहीं आई तो थाने पहुंचकर जुर्म कबूला

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में पति से अवैध संबंधों के शक में ननद ने भाभी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद घरवालों ने फर्श पर गिरने से मौत की कहानी गढ़कर मामला छिपाने की कोशिश की। लेकिन, पछतावा होने पर ननद 2 दिन बाद खुद पुलिस के पास पहुंच गई और हत्या करने की बात कबूल कर ली। ननद ने पुलिस को बताया, मुझे रातभर नींद नहीं आई। मेरे पति और भाभी के बीच 4 साल से संबंध थे। मैंने भाभी से पति का पीछा छोड़ने को कहा। इस पर उसने जवाब दिया कि पहले अपने पति को संभालो। इसी बात पर गुस्से में आकर मैंने रसोई से चाकू उठाया और उसके सीने पर कई वार कर दिए। 12 जुलाई को दोपहर करीब 3:30 बजे लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के अहमदनगर में हुई इस वारदात में पुलिस ने ननद को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया। वहीं, खुलासे के बाद मृतका के पति समेत ससुरालवाले फरार हैं। अहमदनगर गली नंबर-2 में रहने वाले हाजी जाहिद शहर में एंपायर टेलर्स के नाम से दुकान चलाते हैं। करीब 40 साल से वह इस कारोबार से जुड़े हैं। उनके परिवार में 2 बेटे शाहवेज और शाजेब और एक बेटी रिम्शा है। सुभाष बाजार स्थित पहली दुकान पर हाजी जाहिद खुद बैठते हैं, जबकि अहमदनगर स्थित दूसरी ब्रांच शाहवेज संभालता है। करीब 6 साल पहले शाहवेज का निकाह किदवईनगर में रहने वाली निदा उर्फ सोनी (28) से हुआ था। दोनों के 2 बच्चे हैं। वहीं, रिम्शा (25) की शादी अहमदनगर से करीब 3 किलोमीटर दूर करीमनगर में रहने वाले ओवेश से हुई है। ओवेश ऑनलाइन कपड़ों का कारोबार करता है गुस्से में रिम्शा ने रसोई में रखा चाकू उठाया और निदा के सीने पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल होकर निदा वहीं गिर पड़ी। चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



रिम्शा, आरोपी ननद



निदा, मृतक

### 4 साल से अफेयर था, 8 महीने पहले ननद से हुई शादी

*पड़ोसियों के मुताबिक, कपड़ों के कारोबार की वजह से ओवेश का शाहवेज के घर आना-जाना था। इसी दौरान उसकी निदा से नजदीकियां बढ़ीं। करीब 8 महीने पहले शाहवेज ने अपनी बहन रिम्शा की शादी ओवेश से करा दी। इसके बाद भी ओवेश और निदा के बीच बातचीत जारी रही। इस पर रिम्शा कई बार आपत्ति जताती थी। रिम्शा ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन (रविवार को) उसने भाभी को अपने पति से बात करते देख लिया था। उसने किचन में भाभी से कहा कि उसके पति का पीछा छोड़ दे। इस पर निदा ने जवाब दिया, पहले अपने पति को संभालो, दूसरे पर आरोप बाद में लगाना। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।*

## मुरादाबाद में 11 साल पहले भरी कचहरी में मारी थीं गोलियां, रिहाई से गैंगवार की आशंका

# ब्लॉक प्रमुख भूरा के हत्यारोपी को बेल मिली, रिहाई नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद के बहुचर्चित योगेंद्र उर्फ भूरा हत्याकांड में आरोपी शूटर पंकज चौधरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत तो मिल गई है लेकिन फिलहाल उसे जेल से रिहाई नहीं मिली है। उसके दस्तावेजों के जांच होना अभी बाकी है। जिसकी वजह से उसे जेल से रिहाई नहीं मिली है। दूसरी ओर शूटर पंकज चौधरी की रिहाई से गैंगवार की आशंका भी बढ़ गई है। शूटर पंकज चौधरी 23 फरवरी 2015 से लगातार जेल में बंद था। करीब 11 साल 6 महीने जेल में बिताने और मुकदमे की धीमी सुनवाई को देखते हुए हाईकोर्ट ने 8 जुलाई को उसकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी। वारदात के तुरंत बाद पुलिस ने पंकज चौधरी और उसके साथी सुमित चौधरी को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया था। बाद में सुमित बदायूं जेल की दीवार फांदकर फरार हो गया था। करीब आठ साल फरार रहने के बाद यूपी एसटीएफ ने उसे पिछले वर्ष गिरफ्तार कर दोबारा जेल भेजा है। बता दें कि सुमित चौधरी ब्लॉक प्रमुख योगेंद्र उर्फ भूरा के ममेरे भाई का बेटा है। दरअसल इस घटना के करीब 2-3 साल पहले सुमित चौधरी के बड़े भाई रिंकू चौधरी का मर्डर हुआ था। उस हत्या के लिए योगेंद्र उर्फ भूरा को जिम्मेदार माना जाता था। पुलिस के अनुसार इसी रंजिश में सुमित ने अपने दोस्त पंकज चौधरी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। मामले में सुमित के पिता रामवीर सिंह और मामा नेमपाल को भी आरोपी बनाया गया था, हालांकि वे पहले ही जमानत पर रिहा हो चुके हैं। आवेदक की ओर से अधिवक्ता नूर मोहम्मद ने दलील दी कि पंकज चौधरी 23 फरवरी 2015 से जेल में है और अब तक 21 में से केवल 13 गवाहों के बयान ही दर्ज हो सके हैं।



> 23 फरवरी 2015 को मुरादाबाद कोर्ट परिसर में डिलारी के तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख योगेंद्र उर्फ भूरा की पुलिस कस्टडी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भूरा एक अन्य हत्या के मामले में पेशी पर अदालत लाए गए थे। कोर्ट रूम के बाहर इंतजार के दौरान शूटरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

# पूर्व विधायक हत्याकांड का दोषी सोनू गौतम कोर्ट में पेश

## 3 मामलों में 28 जुलाई अगली तारीख, बनारस से कड़ी सुरक्षा में अलीगढ़ लाया

तमसा संकेत, एजेंसी

कोल। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात अपराधी सोनू गौतम को मंगलवार को अलीगढ़ कोर्ट में पेश किया गया। पूर्व विधायक मलखान सिंह हत्याकांड में सजायाफ्ता सोनू गौतम को बनारस जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया था। उसे जिले में दर्ज तीन अलग-अलग आपराधिक मामलों में एडीजे ईसी एक्ट राकेश वशिष्ठ की अदालत में पेश किया गया। सोनू गौतम पर अलीगढ़ में कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मंगलवार को जिन मामलों में उसकी पेशी हुई, उनमें हरदुआगंज थाना क्षेत्र का ठेकेदार अनिल चौधरी हत्याकांड, बन्नादेवी थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ का मामला और क्वार्सी थाना क्षेत्र का चर्चित गेस्ट हाउस गोलीकांड शामिल हैं सोनू गौतम मूल रूप से गोंडा क्षेत्र के शहरी मदनगढ़ी का निवासी है। उसका नाम पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चर्चित अपराधियों में शुमार है। उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, गैंगवार सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व विधायक मलखान सिंह हत्याकांड में सजा मिलने के बाद वह बनारस जेल में बंद है। पेशी के दौरान कचहरी परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ मौजूद रहा और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया था। अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद पुलिस टीम सोनू गौतम को वापस बनारस जेल ले गई। न्यायालय ने तीनों मामलों में अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है।




## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'पहले भर्ती निकलती...

उन्होंने बताया कि विभाग का बजट नौ गुना बढ़ाकर 3,310 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वहीं, टाटा समूह के साथ 7,000 करोड़ रुपये का CSR एमओयू किया गया है, जिसके तहत प्रदेश के 225 आईटीआई का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे आधुनिक ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत स्कूली विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत गरीब परिवारों के युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगजनों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार साहू, भावना दुबे, ज्ञान प्रकाश वर्मा, राजरानी और शुभ्रा विश्वास समेत कई युवाओं ने कौशल प्रशिक्षण के बाद मिली सफलता के अपने अनुभव साझा किए। सीएम योगी ने कहा कि बड़े उद्यमियों ने भी कभी स्टार्टअप से ही अपनी शुरुआत की थी। इसलिए युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता और उद्यमिता को बढ़ावा देना जरूरी है। सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर स्किलिंग सेंटर विकसित किए जा रहे हैं। जो युवा विदेश में जाकर काम करना चाहते हैं, उनके लिए भी सरकार आवश्यक व्यवस्था करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश की युवा शक्ति के दम पर उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दो नए डिजिटल प्लेटफॉर्म 'कौशल सारथी' और 'कौशल सेतु' का शुभारंभ किया जाएगा। 'कौशल सारथी' पोर्टल पर प्रदेश के सभी प्रशिक्षण केंद्रों का वर्षवार विवरण उपलब्ध रहेगा, जबकि 'कौशल सेतु' के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदाताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ा जाएगा। इससे प्रशिक्षण व्यवस्था अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप बनाने में मदद मिलेगी। कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की आवश्यकताओं से जोड़ने और प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के दौरान विभिन्न उद्योगों और विभागों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया जाएगा। इससे बेहतर प्लेसमेंट और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इस अवसर पर विभाग की उपलब्धियों पर आधारित 'कौशलम' पुस्तिका और एम्प्लायबिलिटी एवं सॉफ्ट स्किल्स मैनुअल का विमोचन किया जाएगा। साथ ही राजकीय आईटीआई में संचालित 'अर्न व्हाइल लर्न' योजना पर आधारित वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम में विभाग की योजनाओं से लाभान्वित कुछ युवा अपने अनुभव साझा करेंगे और बताएंगे कि कौशल प्रशिक्षण ने उनके जीवन में किस तरह बदलाव लाया। इसके अलावा उच्च वेतन वाली नौकरियां हासिल करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 युवा आइकन को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री युवाओं को कौशल विकास, रोजगार, नवाचार, स्टार्टअप और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका पर संबोधित करेंगे।

### भाजपा चाहती थी मुझे ...

ममता ने बुधवार को कहा- भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए। लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूंगी जब तक उनका अंत न हो जाए। कुछ लोगों को धमकाया जा रहा है। आज भी एक व्यक्ति ने पार्टी छोड़ दी। उसने कल मुझसे कहा कि उसके परिवार को धमकाया जा रहा है। आज अभिषेक आपके (बागी TMC नेताओं के) लिए बहुत बुरे हैं। आपको याद नहीं कि उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ CBI के पास गई थीं। वह चाहते तो सेटिंग करके राहत पा सकते थे। अगर उनसे कोई गलती हुई भी, तो उन्होंने उससे उबरकर दिखाया क्योंकि वह एक शेर की तरह लड़ रहे हैं। हमें हराया गया। किसी न किसी दिन यह साबित हो जाएगा। मैं पुलिस का सम्मान करती हूं, लेकिन वे BJP कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। हमारे नेताओं को धमका रहे हैं। अगर मैंने सेटिंग की होती तो हमें यह सब नहीं झेलना पड़ता, लेकिन मैं अपना जमीर नहीं बेचती। 3 जून को टीएमसी में पहली बार बगावत की खबर सामने आई थी। TMC के 80 में से 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना था। विधानसभा स्पीकर रथींद्र बोस को समर्थन पत्र दिया था। इसमें मांग की गई थी कि ऋतब्रत को नेता विपक्ष घोषित किया जाए। स्पीकर ने मंजूरी दे दी थी। 22 जून को हुई प्रतिनिधि बैठक में नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था।

### भारत पर 100% ...

इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसके तहत रूस के अधिकारियों, शैडो टैंकर बेड़े, केंद्रीय बैंक और सरकारी ऊर्जा परियोजनाओं पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। पहले बिल के शुरुआती मसौदे में 500% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो अमेरिका पहली बार किसी देश पर सिर्फ इसलिए टैरिफ लगाएगा, क्योंकि वह रूस से तेल खरीदकर उसकी कमाई बढ़ा रहा है। बिल में रूस के ऊर्जा उद्योग, वित्तीय संस्थानों, रक्षा औद्योगिक ढांचे, कारोबारियों और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। आमतौर पर अमेरिका में कई बड़े विधेयक राजनीतिक मतभेदों की वजह से अटक जाते हैं। लेकिन जब दोनों दल किसी बिल के साथ खड़े होते हैं, तो उसके कांग्रेस से पारित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। हालांकि, बिल को कानून बनने के लिए अभी सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) दोनों से मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने पर ही यह कानून बनेगा। संशोधित बिल में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को यह अधिकार भी दिया गया है कि अगर उन्हें लगे कि यह अमेरिका के राष्ट्रीय हित में है, तो वे इन प्रतिबंधों या टैरिफ में छूट दे सकते हैं। यह बिल अप्रैल 2025 में रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने पेश किया था। 11 जुलाई को लिंडसे ग्राहम का निधन हो गया। ट्रम्प ने कहा कि इस बिल को आगे बढ़ाना ग्राहम की प्राथमिकता थी और इसे उनकी याद में आगे बढ़ाया जा रहा है। अब तक 26 सीनेटर इस बिल को अपना समर्थन दे चुके हैं और आगे समर्थन बढ़ने की उम्मीद है। ट्रम्प ने 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (IEEPA) का हवाला देकर कई देशों पर टैरिफ लगाया। इसके तहत नेशनल इमरजेंसी घोषित कर नोटिफिकेशन जारी किया जाता और सीधे टैरिफ लगा देते थे। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि IEEPA राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता। यह अधिकार मुख्य रूप से कांग्रेस (संसद) के पास है। इसी वजह से अब इस पर बिल लाया गया है, ताकि राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाए भारतीय सामान दोगुने महंगे हो जाएंगेः अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है, जहां भारत सालाना करीब 6.5 लाख करोड़ रुपए का सामान निर्यात करता है। 100% टैक्स लगने से भारतीय सामान वहां दोगुने महंगे हो जाएंगे और बिक्री ठप हो जाएगी।

### सोनम वांगचुक के ...

वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। सोनम वांगचुक भी उनके आंदोलन में शामिल हैं। CJP चीफ जस्टिस सूर्यकांत के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से करने के बाद बनी थी।

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सोनम वांगचुक 170 दिन तक जोधपुर जेल में रहे। उनके अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह में हिंसा हुई।

## पंड्या को दूसरी टीम से बदलने की संभावना, अगले हफ्ते रिव्यू मीटिंग में फैसला

# बुमराह मुंबई इंडियंस के कप्तान बन सकते हैं

**बदलाव**

**मुंबई, एजेंसी**



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के अगले कप्तान बन सकते हैं। हार्दिक पंड्या और टीम में शामिल एक पूर्व भारतीय कप्तान ट्रेड हो सकते हैं। हेड कोच महेला जयवर्धने समेत कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव हो सकता है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इन सभी मुद्दों पर अंतिम फैसला अगले हफ्ते इंग्लैंड में होने वाली रीव्यू मीटिंग में लिया जा सकता है। बैठक में अंबानी परिवार और फ्रेंचाइजी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

पिछले 5 सीजन में मुंबई का प्रदर्शन खराब रहा है। टीम पिछले सीजन में 4 मैच जीतकर 8 अंकों के साथ 9वें स्थान पर रही थी। मुंबई इंडियंस ने अपना पिछला IPL टाइटल 2020 में रोहित शर्मा की कप्तानी में जीता था। फाइनल में दिल्ली को 5 विकेट से हराया था।

बुमराह ने IPL 2026 में हार्दिक और सूर्या की गैरमौजूदगी में पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम की कमान संभाली है। उस समय उन्होंने कहा था, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुंबई इंडियंस की कप्तानी करने से पहले मैं भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बन जाऊंगा।'

बुमराह के अलावा तिलक वर्मा का नाम भी चर्चा में है, लेकिन टी-20 में उनकी हालिया फॉर्म अच्छी नहीं रही। माना जा रहा है कि कम उम्र में कप्तानी मिलने से उनकी बल्लेबाजी पर असर पड़ सकता है।

### हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया, लेकिन प्रदर्शन नहीं सुधरा

फ्रेंचाइजी ने 27 नवंबर 2023 को हार्दिक पंड्या को ट्रेड करके अपने साथ जोड़ा और फिर कप्तान बनाया था। लेकिन पंड्या की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन नहीं सुधरा। ड्रेसिंग रूम में अनबन की स्थिति बनी और कुछ रिपोर्ट्स में गुटबाजी की बातें भी सामने आईं। हालांकि, इस पर टीम या मैनेजमेंट ने कुछ नहीं कहा। ड्रेसिंग रूम में अनबन और लगातार बदलती रणनीतियों का असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई ने 39 मैच खेले हैं, लेकिन 15 में ही जीत हासिल की है।

### जसप्रीत बुमराह कप्तानी की रेस में सबसे आगे

मुंबई इंडियंस 2027 सीजन के लिए स्थायी कप्तान बनाना चाहती है। टीम अस्थायी या कामचलाऊ कप्तान के साथ आगे नहीं बढ़ना चाहती। कप्तानी की रेस में जसप्रीत बुमराह सबसे आगे हैं। पिछले तीन सीजन में उनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है।



रोहित ने मुंबई को 5वीं बार IPL ट्रॉफी जिताई थी।

> मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के भविष्य को लेकर चर्चा तेज है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई आईपीएल फ्रेंचाइजी उन्हें लेना चाहती हैं। अगले हफ्ते होने वाली बैठक के बाद ही हार्दिक के भविष्य की तस्वीर साफ होगी।

## 'जापान और उ0प्र0 के मध्य सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने'

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अगले महीने जापान के यामानाशी प्रान्त से आने वाले लगभग 200 प्रतिनिधियां के स्वागत की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एक बहुत बड़ा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है। इस यात्रा को केवल स्मारकों और दर्शनीय स्थलों तक सीमित न रखकर, राज्य लोकजीवन, स्थानीय परंपराओं, व्यंजन और कलाओं पर केंद्रित अनुभव तैयार कर रहा है, ताकि पर्यटन के ज़रिए लोगों के बीच आपसी संबंध गहरे हो सकें।

इस कार्यक्रम की रूपरेखा पर आज यहां यूपी के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और यामानाशी प्रान्त के एक अग्रिम दल (एडवांस डेलिगेशन) के बीच बैठक में चर्चा हुई। यह दल 18 से 23 अगस्त तक प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए अभी उत्तर प्रदेश के दौरे पर है। इस दल में जापान के वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधि, उद्योग जगत के नेता, विश्वविद्यालयों, वित्तीय संस्थानों, पर्यटन संगठनों और युवा प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। यात्रा कार्यक्रम के केंद्र में वाराणसी होगा, जहाँ दल के गंगा आरती, गंगा में क्रूज़ की सवारी, स्थानीय खान-पान और उत्तर प्रदेश के संगीत, नृत्य और कलात्मक परंपराओं का जश्न मनाने वाली एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का अनुभव करने की उम्मीद है। मंत्री ने अधिकारियों को आगरा में मेहमानों का पारंपरिक ब्रज शैली में स्वागत करने का भी निर्देश दिया, ताकि ताजमहल के साथ-साथ उस क्षेत्र की लोक परंपराएं, अतिथि सेवा और सांस्कृतिक पहचान भी उनकी यात्रा का अहम हिस्सा बन सकें।

# 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल में स्पेन

## फ्रांस को 2-0 से हराया, ओयारजाबाल ने पेनल्टी पर गोल किया

**डलास, एजेंसी**



स्पेन 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है। टीम ने पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराकर दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। डलास स्टेडियम में मिकेल ओयारजाबाल ने 22वें मिनट में पेनल्टी पर पहला गोल किया। इसके बाद 58वें मिनट में पेड्रो पोरो ने गोल दागकर स्पेन की जीत पक्की कर दी।

स्पेन 2010 के बाद फाइनल खेलेगा। तब टीम ने फाइनल में नीदरलैंड को 1-0 से हराकर अपना इकलौता वर्ल्ड कप जीता था। वहीं, फ्रांस 2018 और 2022 के बाद लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने से रह गया।

स्पेन को 22वें मिनट में पेनल्टी मिली। फ्रांस के डिफेंडर लुकास डिग्ने ने बॉक्स के अंदर लामिन यमाल पर फाउल कर दिया। इसके बाद रेफरी ने पेनल्टी दे दी। मिकेल ओयारजाबाल ने गेंद को गोलपोस्ट के दाएं कोने में भेज दिया। इसके साथ ही स्पेन ने 1-0 की बढ़त बना ली। यह ओयारजाबाल का टूर्नामेंट में पांचवां गोल रहा। पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहे किलियन एम्बाप्पे इस मुकाबले में स्पेन की मजबूत डिफेंस के सामने असर नहीं छोड़ सके। उन्हें कई बार ऑफसाइड मिला और दूसरे हाफ में येलो कार्ड भी मिला।

> दूसरे हाफ में फ्रांस बराबरी की कोशिश करता रहा, लेकिन 58वें मिनट में पेड्रो पोरो ने दानी ओल्मो के शानदार पास पर गोल कर स्पेन की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और फ्रांस को कोई बड़ा मौका नहीं दिया।

## धोनी मैच देखने पहुंचे, नन्हे फैन के साथ पॉपकॉर्न खाया, कैच के दौरान गिल-बरार टकराए

# बुमराह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय

**बर्मिंघम, एजेंसी**



भारत ने पहले वनडे में इंग्लैंड को 6 विकेट से हरा दिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में जसप्रीत बुमराह ने वनडे में अपने 150 विकेट पूरे किए। इसके साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए।

मैच के दौरान कई दिलचस्प नजारे भी देखने को मिले। इंग्लैंड की पारी में जोस बटलर का कैच लेने की कोशिश में शुभमन गिल और गुरनूर बरार आपस में टकरा गए। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी मैच देखने पहुंचे। स्टैंड्स में उनका एक नन्हें फैन के साथ बैठकर पॉपकॉर्न खाते हुए वीडियो वायरल हो गया।

बुमराह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने बर्मिंघम में एक विकेट लिया। इसके साथ ही इंग्लैंड में उनके 31 विकेट हो गए हैं। उन्होंने रवींद्र जडेजा का रिकॉर्ड तोड़ा। जडेजा ने 30 विकेट लिए हैं।

धोनी मैच देखने बर्मिंघम पहुंचे। इस दौरान उनके पास बैठे एक छोटे बच्चे ने उन्हें पॉपकॉर्न ऑफर किया। धोनी ने मना नहीं किया और पॉपकॉर्न खाया। हालांकि फिर बच्चे को इशारा किया की मेरा पेट भरा है, आप खाओ। 17वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर जोस बटलर कैच आउट हुए। ओवर की पहली गेंद पर बटलर ने लेग साइड में शॉट खेला, लेकिन गेंद ने बैट का टॉप एज लिया। कैच पकड़ने के लिए मिड-ऑफ से शुभमन गिल और मिड-ऑन से गुरनूर बरार दौड़े। इस दौरान दोनों की टक्कर हो गई। हालांकि बरार ने कैच पकड़ लिया और किसी को चोट भी नहीं लगी। शिवम दुबे ने पारी के 20वें ओवर में अपनी ही गेंद पर कैच छोड़ दिया। ओवर की तीसरी गेंद पर रूट ड्राइव शॉट खेलने में जल्दबाजी कर गए।

### बुमराह के वनडे में 150 विकेट पूरे

बुमराह वनडे में सबसे कम गेंद पर 150 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय बने। उन्होंने 4605 गेंदों में 150 विकेट पूरे किए। पहले स्थान पर मोहम्मद शमी है। उन्होंने 4070 गेंद में 150 विकेट लिए थे। कुलदीप यादव 4513 गेंद के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



### डॉसन ने 36 साल की उम्र में पहली फिफ्टी लगाई

डॉसन वनडे में पहली फिफ्टी लगाने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 36 साल 135 दिन की उम्र में 68 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा उम्र में पहली फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड ज्योफ्री बॉयकॉट के नाम है। उन्होंने 38 साल 245 दिन की उम्र में ऐसा किया था।

**मनोरंजन**

# प्रेग्नेंसी में डोसा खाने पहुंची दीपिका पादुकोण

## रणवीर सिंह लंच डेट पर लेकर पहुंचे, दूसरे बच्चे के स्वागत करने वाला है कपल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



बॉलीवुड कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच दोनों मुंबई में लंच डेट के लिए पहुंचे। मंगलवार को यह कपल भारी सुरक्षा के बीच मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट में बेने डोसा खाने पहुंचा।

सोशल मीडिया पर इस आउटिंग के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें दोनों रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद बाहर निकलते हुए दिख रहे हैं। दोनों ने इस आउटिंग को काफी सिंपल रखा और कैजुअल कपड़े पहने हुए थे। दीपिका ने एक ढीला को-आर्ड सेट पहना था, जबकि रणवीर टी-शर्ट और काली पैंट में नजर आए। दोनों ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा था और वे अपनी कार की तरफ बढ़ गए। जब वे रेस्टोरेंट से बाहर आ रहे थे, तब दीपिका के सुरक्षाकर्मियों ने वहां मौजूद लोगों से वीडियो न बनाने का अनुरोध भी किया।

### धुरंधर 2 की सफलता पर भी आए थे यहां

दीपिका और रणवीर का इस रेस्टोरेंट से पुराना जुड़ाव रहा है। यह पहली बार नहीं है जब दोनों इस जगह पर बेने डोसा खाने पहुंचे हैं। इससे पहले भी यह कपल रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का जश्न मनाने के लिए इसी रेस्टोरेंट में आया था। उस समय भी उनकी इस विजिट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं और फैंस ने उनके इस फूडी अंदाज को पसंद किया था।

> इन दिनों सोशल मीडिया पर लिमिटेड पोस्ट शेयर कर रहीं दीपिका पादुकोण ने हाल ही में बेबी बंप फ्लॉन्ट किया है। उन्होंने प्रेग्नेंसी पोस्ट के बाद एक एड का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बेबी बंप के साथ मस्तीभरे अंदाज में दिख रही हैं।

### इंस्टाग्राम पर की थी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने कुछ समय पहले ही इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट पोस्ट शेयर कर दूसरी बार पेरेंट्स बनने की जानकारी दी थी। इस पोस्ट में उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़े नजर आ रही थी, जिस पर दो पिंक लाइनें बनी थीं। दीपिका और रणवीर ने साल 2018 में इटली में शादी की थी। इसके बाद सितंबर 2024 में उन्होंने अपनी पहली बेटी दुआ का स्वागत किया था।



## समय रैना मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखे हाथ थामे नजर आए



नई दिल्ली। कॉमेडियन समय रैना का मंगलवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह एक मिस्ट्री गर्ल का हाथ पकड़कर भीड़ से बाहर निकालते नजर आ रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि उनके साथ जो लड़की थी, वह कौन हैं।

गौरतलब है कि बीते दिनों समय रैना और फिल्म 12th फेल की एक्ट्रेस मेधा शंकर के बीच डेटिंग की अफवाहें चर्चा में थीं। अब सामने आए नए वीडियो के बाद एक बार फिर उनकी निजी जिंदगी को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज हो गई हैं। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' सीजन 2 की शूटिंग के बाद समय रैना निकलते दिखाई देते हैं। इस दौरान वहां पैपराजी और फैंस की भीड़ मौजूद थी। भीड़ के बीच समय एक मास्क पहने लड़की का हाथ पकड़कर उसे सुरक्षित बाहर निकालते हुए कार तक ले जाते नजर आते हैं।

इससे पहले समय रैना और मेधा शंकर को लेकर भी डेटिंग की अफवाहें सामने आई थीं। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में दावा किया गया था कि दोनों को एक ही जगह पर साथ देखा गया। पोस्ट में यह भी कहा गया कि पैपराजी को देखते ही दोनों अलग-अलग रास्तों से निकल गए। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# जरीन के बाद पैपराजी पर भड़कीं मौनी

## कार के शीशे से वीडियो बनाने पर बोलीं- बंद करो, दोस्तों के साथ डिनर पर गई थीं

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान के बाद अब मौनी रॉय भी पैपराजी पर भड़क गईं हैं। दरअसल मंगलवार रात मुंबई में दोस्तों के साथ डिनर के बाद जब वे अपनी कार में बैठीं, तो फोटोग्राफर्स लगातार उनका वीडियो बनाने लगे। इससे गुस्सा होकर मौनी ने हाथ के इशारे से कैमरे बंद करने को कहा।

वीडियो में दिख रहा है कि मौनी रॉय अपनी कार की सीट पर बैठी हैं। उन्होंने स्लीवलेस ब्लैक आउटफिट पहना है और बाल खुले रखे हैं। कार के अंदर बैठे होने के बाद भी जब फोटोग्राफर्स खिड़की से लगातार उनका वीडियो रिकॉर्ड करते रहे, तो मौनी का गुस्सा बढ़ गया।

उन्होंने पहले हाथ से इशारा किया और फिर उंगली दिखाते हुए सख्त लहजे में कहा, बंद करो। मौनी ने काफी धैर्य रखने की कोशिश की, लेकिन पैपराजी के न मानने पर वे नाराज हो गईं और फिर उनकी गाड़ी वहां से रवाना हो गई।

गोल्ड स्ट्रीमिंग अवॉर्ड सेरेमनी में नेहा धूपिया पैपराजी पर भड़क गई थीं। एक्ट्रेस ने बैक शॉट लेने और उन्हें पोस्ट करने पर नाराजगी जाहिर की और पैपराजी को कड़े शब्दों में वॉर्निंग भी दी।



### जरीन खान ने कहा- फालतूगिरी मत करना

इससे पहले एक्ट्रेस जरीन खान भी पैपराजी पर बुरी तरह गुस्सा हो गई थीं। एक ब्रांड इवेंट के दौरान जरीन ने पैपराजी को फटकार लगाते हुए कहा की मेरे साथ फालतूगिरी की बातें नहीं करना। उन्होंने सख्त लहजे में सामने वाले को अपनी हद में रहने की हिदायत दी। दरअसल जरीन खान मुंबई में एक क्लोदिंग ब्रांड के प्रमोशन इवेंट में पहुंची थीं। वे हरे रंग की ड्रेस पहने हुए मीडिया के कैमरों के सामने डेनिम जैकेट और जींस को डिस्प्ले कर रही थीं। इसी दौरान वहां मौजूद पैपराजी ने उनसे कहा की ड्रेस ट्राई करके दिखाओ। एक्ट्रेस को ये बात बिल्कुल पसंद नहीं आई। जरीन खान ने कहा, फालतूगिरी की बातें नहीं करना मेरे साथ, क्योंकि मैं ऐसी चीजें बर्दाश्त करने वालों में से नहीं हूं। अपनी हद में रहकर बात करना। यह बात कहते हुए जरीन के चेहरे पर साफ तौर पर गुस्सा देखा जा सकता है।

# कृति सेनन रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ भारत-इंग्लैंड मैच देखने पहुंचीं

## स्टेडियम में कबीर बहिया के साथ देखा पहला वनडे

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन मंगलवार को इंग्लैंड के बर्मिंघम में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे मैच देखने पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड और बिजनेस-मैन कबीर बहिया भी मौजूद थे। दोनों को स्टेडियम के स्टैंड्स में एक साथ मैच इंजॉय करते देखा गया। कृति और कबीर बहिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टेडियम की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें दोनों एक दोस्त के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे दोनों के रिलेशनशिप की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। कबीर बहिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए फैंस को इस आउटिंग की झलक दिखाई।



### पिछले कुछ महीनों से है डेटिंग की चर्चा

कृति सेनन और कबीर बहिया के रिलेशनशिप की खबरें कुछ महीने पहले तब शुरू हुई थीं, जब एक्ट्रेस ने अपना 34वां जन्मदिन मनाया था। तब से उनके रोमांस की खबरें लगातार मीडिया में बनी हुई हैं। दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया है, हालांकि दोनों की तरफ से रिश्ते को लेकर कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। इससे पहले कबीर बहिया को कृति की बहन नुपुर सेनन और सिंगर स्टीबिन बेन की शादी में भी देखा गया था, जहां वे पारिवारिक फंक्शंस का हिस्सा बने थे।

# रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर कार्रवाई की तैयारी, संसद में बिल पेश, 5 देश निशाने पर

# भारत पर 100% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

**तैयारी**

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में एक बिल पेश किया गया है, जिसमें भारत, चीन समेत पांच देशों पर 100% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। इसमें हंगरी, स्लोवाकिया और अजरबैजान भी शामिल हैं।

बिल के मुताबिक, इन देशों से आने वाले सामान पर 100% तक टैरिफ लगाया जा सकेगा। साथ ही रूस की ऊर्जा, वित्तीय और रक्षा व्यवस्था पर भी नए प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। इससे पहले बिल के




शुरुआती मसौदे में 500% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो अमेरिका पहली बार किसी देश पर सिर्फ इसलिए टैरिफ लगाएगा, क्योंकि वह रूस से तेल खरीदकर उसकी कमाई बढ़ा रहा है। इस कदम का मकसद रूस के तेल कारोबार पर आर्थिक दबाव बनाना और उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर करना है। इस बिल को सबसे पहले रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने अप्रैल 2025 में पेश किया था। अब तक 26 सीनेटर इस बिल को अपना समर्थन दे चुके हैं और आगे समर्थन बढ़ने की उम्मीद है। 11 जुलाई को लिंडसे ग्राहम का निधन हो गया था। निधन से एक दिन पहले उन्होंने यूक्रेन दौरे के दौरान कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस बिल को आगे बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं। ट्रम्प ने भी व्हाइट हाउस में कहा, यह लिंडसे के सम्मान में है। यह उनका सबसे बड़ा मुद्दा था और इसके कानून बनने की अच्छी संभावना है।

> भारत ने जून 2026 में रूस से रिकॉर्ड 26.1 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो देश के कुल तेल आयात का 52.4% था। यानी पिछले महीने भारत में आयात होने वाले हर दो बैरल तेल में एक से ज्यादा बैरल रूस से आया।
> रूस लगातार भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना हुआ है। मई के मुकाबले जून में रूस से तेल आयात में करीब 39% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## रूस पर सख्ती वाले बिल को दोनों दलों का समर्थन

सीनेट में पेश रूस-विरोधी टैरिफ बिल को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट, दोनों दलों का समर्थन मिला है। इसे अमेरिकी राजनीति में 'बाइपार्टिसन बिल' कहा जाता है। यानी ऐसा प्रस्ताव जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सहमत हों।

आमतौर पर अमेरिका में कई बड़े विधेयक राजनीतिक मतभेदों की वजह से अटक जाते हैं। लेकिन जब दोनों दल किसी बिल के साथ खड़े होते हैं, तो उसके कांग्रेस से पारित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

हालांकि, बिल को कानून बनने के लिए अभी सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) दोनों से मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने पर ही यह कानून बनेगा।

## यूरोपीय देशों को टैरिफ में राहत देगा अमेरिका

सीनेट में पेश बिल के तहत 15 यूरोपीय देशों को प्रस्तावित 100% टैरिफ से छूट दी गई है। इन देशों को राहत इसलिए दी गई है, क्योंकि ये रूस से 15% से कम प्राकृतिक गैस खरीदते हैं और धीरे-धीरे उस पर अपनी निर्भरता भी कम कर रहे हैं।

डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने कहा कि यह बिल यूरोपीय सहयोगियों के खिलाफ नहीं है। इसका निशाना सिर्फ वे देश हैं, जो अब भी रूस के तेल कारोबार को सबसे ज्यादा आर्थिक सहारा दे रहे हैं।

बिल में रूस के ऊर्जा उद्योग, वित्तीय संस्थानों, रक्षा औद्योगिक ढांचे, कारोबारियों और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है।

कैपिटल हिल में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट, दोनों दलों के सीनेटर एक साथ नजर आए। उन्होंने इस बिल को ग्राहम के लिए श्रद्धांजलि बताया। यूक्रेन युद्ध की फंडिंग रोकना- अमेरिका का मानना है कि रूस को तेल-गैस बेचकर मिलने वाली कमाई यूक्रेन युद्ध का सबसे बड़ा आर्थिक आधार है।

# अगर कोई डील नहीं हुई, तो पावर प्लांट और पुलों को कर देंगे तबाह

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव अब और भी गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फॉक्स न्यूज से बातचीत में खुली चेतावनी दी है कि यदि ईरान समझौता नहीं करता है, तो अगले सप्ताह से अमेरिकी हमलों का दायरा बढ़ाकर उसके बिजलीघरों और पुलों को निशाना बनाया जाएगा। अमेरिकी समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगला हफ्ता ईरान के लिए बेहद खराब होने वाला है, क्योंकि अगले सप्ताह हम उनके पावर प्लांट और पुलों को निशाना बनाने जा रहे हैं।

ट्रंप ने आगे कहा कि हम उनके सभी बिजलीघरों को ठप कर देंगे। हम उनके सारे पुलों को उड़ा देंगे, बशर्ते वे बातचीत की मेज पर आने और समझौता करने के लिए तैयार न हो जाएं। डोनल्ड ट्रंप का यह आक्रामक बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी सेना ने लगातार चौथे दिन ईरान के खिलाफ हवाई हमलों की कार्रवाई जारी रखी है। इसके साथ ही अमेरिका ने ईरान के प्रमुख बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी भी फिर से लागू कर दी है।

- ट्रंप ने ईरान को बिजलीघरों और पुलों पर हमले की धमकी दी।
- अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ हवाई हमले लगातार जारी रखे हैं।
- होर्मुज में नौसैनिक नाकाबंदी से दोनों देशों में तनाव बढ़ा।

**फास्ट न्यूज**

### तुर्किए का एस-400 दांव

अंकारा। तुर्किए का रूसी S-400 ट्रायम्फ एयर डिफेंस सिस्टम पिछले सात सालों से नाटो (NATO) और अमेरिका के बीच विवाद की सबसे बड़ी वजह रहा है। तुर्किए ने इसे 2017 में खरीदा था और 2019 में इसकी डिलीवरी हुई थी। इस एक सौदे की वजह से तुर्किए को अमेरिका के अत्याधुनिक F-35 फाइटर जेट प्रोग्राम से बाहर कर दिया गया और उस पर कड़े प्रतिबंध भी लगा दिए गए।

### अमेरिका ने होर्मुज में फिर से शुरू की नाकाबंदी

तेहरान। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को घोषणा की है कि उसने होर्मुज में कमर्शियल जहाजों पर ईरान के हमलों के जवाब में ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नाकाबंदी फिर से लागू कर दी है। इस कदम के साथ ही अंतरिम युद्धविराम समझौता टूटने की कगार पर पहुँच गया है और क्षेत्र में एक बार फिर पूर्ण युद्ध छिड़ने की आशंका बढ़ गई है। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर IRIB ने बताया कि दक्षिणी शहर अहवाज में एक और धमाके की आवाज सुनी गई, जबकि केशम द्वीप पर भी कई धमाकों की खबर मिली।

### 'मरेंगे तो साथ मरेंगे'

एथेंस। बीते शुक्रवार यानी 9 जुलाई को ग्रीस से जर्मनी जा रही रयानएयर की एक फ्लाइट में हवा में एक बेहद डरावना हादसा सामने आया, जिसने विमान यात्रा और सुरक्षा को लेकर एक बार फिर कई सावल खड़े कर दिए।

फ्लाइट के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान की एक खिड़की अचानक टूट गई, जिससे केबिन का दबाव कम हो गया और एक यात्री का आधा शरीर प्लेन से बाहर खिंच गया।

# सेंसेक्स 130 अंक चढ़कर 77185 पर बंद



मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में आज यानी 15 जुलाई को बढ़त रही। सेंसेक्स 130 अंक चढ़कर 77,185 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 26 अंक की तेजी रही, ये 24,079 पर बंद हुआ। एनर्जी और सीमेंट से जुड़े शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। वहीं मेटल और IT शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही।

कच्चे तेल की कीमत आज 1% चढ़कर दोबारा 85 डॉलर के पार पहुंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि ईरान के साथ हुआ समझौता अब खत्म हो चुका है। इसके बाद से कच्चे तेल के दामों में तेजी है। 2 कंपनियों के IPO का आज दूसरा दिन है। ये IPO एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड के हैं। म्यूचुअल फंड कंपनी SBI फंड्स मैनेजमेंट प्राइमरी मार्केट से 9,813 करोड़ रुपए जुटा रही है। इसका इश्यू पहले ही दिन 68% सब्सक्राइब हो गया है। इसी तरह अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड फ्रेश इश्यू के जरिए 126.25 करोड़ रुपए जुटाएगी।

## सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, ईरान का बहरीन, कुवैत, जॉर्डन में अमेरिकी बेस पर अटैक

# अमेरिका ने 7 घंटे तक ईरान पर बम बरसाए

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी

अमेरिका ने मंगलवार रात लगातार चौथे दिन ईरान पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के मुताबिक, करीब सात घंटे तक चले ऑपरेशन में होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक संसाधनों और कोस्टल डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया। उधर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दावा किया कि उसने जवाबी अभियान शुरू करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। IRGC ने बहरीन के अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और



जॉर्डन के अजराक एयरबेस को निशाना बनाने का भी दावा किया। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान समझौते के लिए आगे नहीं आया, तो अगले हफ्ते बिजलीघरों और पुलों को भी निशाना बनाया जाएगा। दूसरी ओर, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा और होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी रणनीति जारी रखेगा। ईरानी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे दो व्यापारिक जहाजों पर हमला किया। इसमें 1 भारतीय शख्स की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हुए। जहाज पर कुल 20 भारतीय क्रू मेंबर सवार थे।



### अमेरिकी हमले में ईरान के 7 सैनिकों की मौत

ईरान ने दावा किया है कि दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित एक सैन्य बैरक पर अमेरिकी मिसाइल हमले में उसके 7 सैनिक मारे गए हैं।

सेना के मुताबिक, 13 मिसाइलें 388वीं ब्रिगेड की बैरक पर दागी गईं। हमले में गेस्ट हाउस, गार्ड पोस्ट और जवानों के रहने की इमारतों को निशाना बनाया गया।

### तेहरान में ट्रम्प को ताबूत में लेटे हुए पोस्टर लगाया

ईरान की राजधानी तेहरान के एंगेलाब स्क्वायर में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को निशाना बनाते हुए एक नया पोस्टर लगाया गया है।

ईरानी मीडिया की ओर से बुधवार को जारी तस्वीरों में दिख रहा है कि इसमें ट्रम्प को अमेरिकी झंडे में लिपटे ताबूत में लेटा हुआ दिखाया गया है। इसके ऊपर बड़े अक्षरों में लिखा है, "हम ट्रम्प को मारेंगे।"

### इराक के ग्रैंड फाव पोर्ट प्रोजेक्ट में अज्ञात ड्रोन क्रैश

दक्षिणी इराक के बसरा प्रांत में स्थित ग्रैंड फाव पोर्ट प्रोजेक्ट के भीतर एक अज्ञात ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जबकि नुकसान सीमित रहा है।

इराकी सुरक्षा सूत्र के अनुसार, ड्रोन परियोजना परिसर के अंदर गिरा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रोन किसका था और यह दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई।

## 24 घंटे में ही पलटे, ईरान ने मजाक उड़ाते हुए कहा था- हम थोड़ा कम लेंगे

# ट्रम्प ने होर्मुज में 20% टैक्स का फैसला वापस लिया

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर 20% टैक्स लगाने का अपना फैसला महज 24 घंटे के भीतर वापस ले लिया।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मिडिल ईस्ट के नेताओं के साथ बातचीत के बाद उन्होंने इसे खत्म करने का फैसला लिया है। अब इसकी जगह खाड़ी देश अमेरिका में बड़े पैमाने पर निवेश करेंगे। इससे अमेरिका में लाखों रोजगार पैदा होंगे। ट्रम्प ने सोमवार को ऐलान किया था कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से 20% टैक्स वसूला जाएगा। हालांकि इस फैसले की कई देशों ने आलोचना की थी। ईरान ने भी इस पर तंज कसते हुए कहा था



कि ट्रम्प की बात बिल्कुल सही है, लेकिन 20% टैक्स बहुत ज्यादा है। ईरान इससे कम टैक्स वसूलेगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने ईरान के शहरों पर 5 घंटे तक बमबारी की और बुशहर, चाबहार, जास्क, कोनार्क, अबू मूसा और बंदर अब्बास स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

ईरान का जवाब- सुरक्षा हम देते हैं, लेकिन 20% ज्यादाः ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रम्प के बयान का जवाब देते हुए कहा कि सुरक्षित समुद्री रास्ता उपलब्ध कराने वाले को भुगतान मिलना चाहिए और यह जिम्मेदारी हमेशा से ईरान निभाता आया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 20 प्रतिशत तो बहुत ज्यादा है। हम उचित शुल्क लेंगे। अमेरिका ने ईरान के सबमरीन और नेवल बेस पर हमला कियाः CENTCOM ने बंदर अब्बास स्थित सबमरीन और नेवल मेंटेनेंस फैसिलिटी पर सी-ड्रोन से हमला किया। अईरान की नौसैनिक क्षमता को निशाना बनाया। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच रूस का स्पेशल कमांड एयरक्राफ्ट Tu-214PU तेहरान पहुंचा।

> ट्रम्प बोले- होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर 20% टैक्स अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा करेगा। इसके बदले हर कार्गो पर 20% शुल्क वसूलेगा। ईरानी जहाजों और उसके ग्राहकों पर नई पाबंदियां लागू कीं।

### ट्रम्प बोले- होर्मुज से जहाज गुजरने पर कोई टैक्स नहीं लगना चाहिए

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से किसी भी देश या संस्था को टैक्स नहीं वसूलना चाहिए। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा-मुझे नहीं लगता कि किसी को भी इस रास्ते से गुजरने के लिए शुल्क लेने का अधिकार होना चाहिए।

## शेख हसीना की वापसी के एलान के बाद आया बांग्लादेश का बयान

# 'मौत की सजा पर पुनर्विचार हो सकता है'

> बांग्लादेश ने शेख हसीना की वापसी का स्वागत किया।
> उन्हें मौत की सजा पाए दोषी के तौर पर न्याय का सामना करना होगा।
> भारत ने प्रत्यर्पण पर कानूनी रुख बनाए रखने की बात कही।

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के ढाका लौटने के प्लान का स्वागत किया है और कहा है कि उन्हें मौत की सजा पाए दोषी के तौर पर न्याय का सामना करना होगा। 78 साल की शेख हसीना अगस्त 2024 में सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद सरकार गिरने पर ढाका से आकर भारत में रह रही हैं।

पिछले हफ्ते हसीना के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह अपनी अवामी लीग पार्टी को फिर से मजबूत करने के लिए इस साल के आखिर तक अपनी मर्जी से ढाका लौटने की तैयारी कर रही हैं।



इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के सलाहकार जाहेद उर रहमान ने हसीना को चुनौती दी कि वे 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध-प्रदर्शनों पर उनकी सरकार की बेरहम कार्रवाई के कारण लगे मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों से अपना बचाव करने के लिए दुनिया के बेहतरीन वकीलों को ढाका बुलाएं। रहमान ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हम उनकी घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि हम न्याय सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, देश के लोग चाहते हैं कि उनके अपराधों के लिए उन्हें दी गई मौत की सजा बरकरार रखी जाए और उस स्थिति में उन्हें मौत की सजा दी जाएगी, क्योंकि लोग यही देखना चाहते हैं।

## ऐलान : स्विगी की एचपीसीएल के साथ पार्टनरशिप, बेंगलुरु से शुरुआत नए कनेक्शन के बिना भी ऑर्डर कर सकेंगे

# इंस्टामार्ट से अब घर बैठे एलपीजी सिलेंडर मिलेगा

बेंगलुरु, एजेंसी

स्विगी के क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने LPG सिलेंडर की डिलीवरी शुरू करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ पार्टनरशिप का ऐलान किया है। इसके तहत अब ग्राहक सीधे इंस्टामार्ट ऐप के जरिए ऑन-डिमांड LPG गैस सिलेंडर ऑर्डर कर सकेंगे।

बुधवार, 15 जुलाई को दोनों कंपनियों ने इस सर्विस को लॉन्च करने की जानकारी दी। गैस सिलेंडर की क्विक डिलीवरी के लिए क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ हुई यह देश की पहली पार्टनरशिप है। शुरुआती फेज में इस सर्विस को कर्नाटक के बेंगलुरु में रोलआउट




किया जाएगा। इस पार्टनरशिप के जरिए ग्राहक इंस्टामार्ट ऐप पर HPCL के दो तरह के सिलेंडर ऑर्डर कर सकेंगे। इसमें हाल ही में लॉन्च किया गया कंपनी का 'HP नव्या' 10 किलोग्राम का कंपोजिट LPG सिलेंडर शामिल है। इसके अलावा ग्राहक ऐप के जरिए HPCL का ट्रेडिशनल 5 किलोग्राम वाला मेटल (लोहे का) LPG सिलेंडर भी बुक कर सकेंगे।

### बिना किसी पुराने कनेक्शन के भी बुकिंग कर सकेंगे

कंपनियों ने जानकारी दी है कि ग्राहकों को इंस्टामार्ट के जरिए इन गैस सिलेंडरों को खरीदने के लिए पहले से किसी भी प्रकार के घरेलू LPG गैस कनेक्शन की जरूरत नहीं होगी। यह उन लोगों के लिए बेहद सुविधाजनक होगा जो नए शहर में शिफ्ट हुए हैं या जिन्हें तुरंत गैस कनेक्शन की जरूरत है।

### ऑथराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स ही डिलीवरी करेंगे

इंस्टामार्ट के CEO अमितेश झा ने कहा कि क्विक कॉमर्स ऐप से बुकिंग होने के बावजूद सेफ्टी में कोई समझौता नहीं किया गया है। ग्राहकों के ऑर्डर सीधे HPCL के ऑथराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क से पूरे किए जाएंगे। सिलेंडरों की डिलीवरी सिर्फ प्रोफेशनल डिलीवरी स्टाफ ही करेंगे, जो सभी लागू सेफ्टी और रेगुलेटरी नियमों का पूरी तरह से पालन करेंगे।

### जानिए कैसे काम करेगा ऑर्डर और रिफिल का प्रोसेस

**पहला ऑर्डर:** यदि कोई ग्राहक पहली बार ऐप से सिलेंडर बुक करता है, तो इसे नए सिलेंडर की खरीद माना जाएगा। पहली बार खरीदने पर ग्राहक का आइडेंटिटी वेरिफिकेशन किया जाएगा और डिलीवरी प्रूफ से जुड़े जरूरी दस्तावेज लिए जाएंगे।

**रिफिल ऑर्डर:** पहली बार के बाद जब भी ग्राहक दोबारा सिलेंडर बुक करेंगे, तो डिलीवरी के समय उन्हें अपना पुराना खाली HPCL सिलेंडर डिलीवर करने वाले कर्मचारी को सौंपना होगा।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म से ग्राहकों की पहुंच बढ़ेगी

HPCL के डायरेक्टर-मार्केटिंग अमित गर्ग ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म से ग्राहकों की पहुंच बढ़ेगी। इंस्टामार्ट ने ग्रॉसरी से आगे बढ़कर अब ग्राहकों के रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनने के लिए अपनी सर्विसेज का काफी विस्तार किया है। साथ मिलकर हम उसी सुविधा को एक और जरूरी घरेलू सर्विस तक पहुंचा रहे हैं।

# अमेरिका में भारतीय गैंगस्टरों पर एक्शन

## एफबीआई की लिस्ट में नीतीश कौशल मोस्ट वॉन्टेड घोषित

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने गैंगस्टर नीतीश कौशल को अपने 'मोस्ट वांटेड' अपराधियों की लिस्ट में शामिल किया है। कौशल पर अमेरिका में हत्या, अपहरण और ड्रग तस्करी में शामिल होने का आरोप है और एफबीआई अब भगवानपुरिया गैंग के करीब पहुंच रही है।

एफबीआई ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नागरिक कौशल ने कथित तौर पर भगवानपुरिया ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप के लिए हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया, जिसमें अपहरण और मारपीट जैसी वारदातें शामिल हैं।

जांच एजेंसी ने कहा, ?नीतीश कौशल को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन में कथित तौर पर शामिल होने के लिए वांटेड



घोषित किया गया है जो हत्या, अपहरण, ड्रग तस्करी, जबरन वसूली, हथियारों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और मानव तस्करी जैसे अपराधों में लिप्त है।

एफबीआई ने कहा कि कौशल को हथियारबंद, खतरनाक और भागने की फिराक में रहने वाला व्यक्ति माना जाना चाहिए। जांच एजेंसी ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें कौशल के बारे में कोई जानकारी हो तो वे स्थानीय एफबीआई ऑफिस, अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करें।

**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676